हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 116, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 24 अक्टूबर, 2023 दिन मंगलवार | गाजीपुर/वाराणसी

## मातृशक्ति के प्रति सम्मान जरूरी : योगी आदित्यनाथ

### शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर मुख्यमंत्री ने पांव पखार किया कन्या पूजन

गोरखपुर। जगतजननी मां आदिशक्ति की आराधना के विशिष्ट अवसर शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीठ की परंपरा का निर्वहन कर अपने ध्येय को और मजबूती दी। सीएम योगी ने कहा कि मातृशक्ति के प्रति सम्मान जरूरी है। सोमवार सुबह नवरात्र की नवमी पर सीएम योगी ने विधि विधान से कन्या पूजन कर मातृशक्ति की आराधना की। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। कन्या पूजन अनुष्ठान में सोमवार



सुबह मुख्यमंत्री ने मठ के प्रथम तल पर स्थित भोजन कक्ष में श्रद्धाभाव से परंपरागत रूप से पीतल के परात में, चांदी के लोटे में भरे जल से नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके मस्तक पर रोली, चंदन, दही, अक्षत, दूर्वा का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। आरती उतारी।

पूजन के बाद इन कन्याओं समेत सौ से अधिक कन्याओं व छोटे बालकों को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। नौ कन्याओं के अतिरिक्त सैकड़ों की संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। कन्या पूजन कार्यक्रम में सीएम योगी का सानिध्य पाने के लिए नन्हीं बालिकाओं व बटुकों का उत्साह, उमंग देखते ही बन रहा था।

सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी काफी प्रफुल्लित थे। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम योगी बच्चों से निरंतर संवाद और ठिठोली भी करते रहे।

### छुट्टी की सूचना

**विजयादशमी** के पावन पर्व पर **प्रखर पूर्वांचल** कार्यालय में 24 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक एक दिन बाद प्रकाशित होगा। **-संपादक**

### मुंबई के एक इमारत में लगी आग, दो की मौत; तीन का चल रहा इलाज



मुंबई। मुंबई के कांदिवली पश्चिम की एक इमारत में आग लगने की घटना सामने आई है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, कांदिवली पश्चिम में मौजूद पावन धाम वीणा संतूर बिल्डिंग में आग लग गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है और 3 लोग घायल हुए हैं। बीएमसी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह आग कांदिवली पश्चिम के महावीर नगर की पावन धाम वीणा संतूर बिल्डिंग में आज दोपहर में लगी थी। इस आग में झुलसने से 2 लोगों की जान चली गई और 3 लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, पावन धाम वीणा संतूर बिल्डिंग में यह आग दोपहर 12:27 बजे के आसपास लगी। इमारत में आग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंची और दमकल कर्मचारियों ने बिल्डिंग में लगी आग पर कड़ी मेहनत के बाद काबू पाया। फिलहाल आग लगने की जानकारी का पता नहीं चल पाया है। साथ ही बाकी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## एनसीईएल को मिला 7,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर, शाह बोले - किसानों के साथ करें साझा


नई दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नेशनल कोऑपरेटिव फॉर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड को अब तक 7,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। एनसीईएल का नया लोगो और वेबसाइट लॉन्च किया गया है। एनसीएल यह सुनिश्चित करेगी कि निर्यात के लाभ की जानकारी किसानों और सहकारी समतियों को 50 फीसदी साझा करेगी। अमित शाह ने राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अभी एनसीईएल एक अस्थायी कार्यालय से काम कर रहा है। वह लगातार कर्मचारियों को भर्ती कर रहे हैं।



इसके अलावा उन्हें अभी तक 7,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। एनसीएल निर्यात के मुनाफे को साझा करेगी और किसानों को निर्यात बाजार के लिए उत्पाद बनाने में भी मदद करेगी। एनसीईएल सदस्य किसानों से निर्यात की जाने वाली वस्तुओं को एमएसपी पर खरीदेगा।इसके बाद वह उस उत्पाद से होने वाले मुनाफे में से 50 फीसदी हिस्सा किसानों को साझा करेगी। यह राशि किसानों के बैंक अकाउंट में जमा होगी। अमित शाह ने पूसा परिसर में आयोजित संगोष्ठी में पांच एनसीईएल सदस्यों प्रमाण पत्र भी दिए। इस संगोष्ठी में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एनसीईएल के निर्माण से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और देश के विकास और ग्रामीण परिवर्तन में योगदान मिलेगा। यह सहकारी क्षेत्र निर्यात क्षमता का दोहन कर सकता है और भारत को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ने के लिए बढ़ावा दे रहा है। इसके आगे वह कहते हैं कि सहकारी समितियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करने वाले गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण पर ध्यान देना होगा। इस कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा, सहकारिता सचिव ज्ञानेश कुमार और एनसीईएल प्रमुख पंकज कुमार बंसल भी उपस्थित थे। एनसीईएल को 25 जनवरी 2023 को बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया था। इसमें 2,000 करोड़ रुपये अधिकृत शेयर पूंजी है। जो किसान निर्यात में रुचि रखते हैं वह इस समीति के सदस्य बनने के लिए पात्र हैं। इसका उद्देश्य देश की भौगोलिक सीमाओं से परे व्यापक बाजारों तक पहुंच बनाकर भारतीय सहकारी क्षेत्र में उपलब्ध अधिशेष के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करना है। देश में लगभग 8 लाख सहकारी समितियाँ हैं जिनमें 29 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

## सपा-कांग्रेस गठबंधनः खरगे के फोन कॉल के बाद बदले सपा नेताओं के तेवर, राम गोपाल बोले- कमलनाथ मेरे दोस्त

लखनऊ। मप्र में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच चल रहा वाकयुद्ध अब रुकने जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे के फोन कॉल के बाद सपा नेताओं के तेवर बदल गए हैं। कल तक कांग्रेस को कोसने वाले नेता अब इस बारे में बात करने से बच रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पहले राहुल गांधी ने अपना संदेश अखिलेश को पहुंचाया। फिर रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने खुद ही अखिलेश से बात की। ऐसा माना जा रहा है कि मप्र में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन हो सकता है। सपा के एक नेता नाम ना छापने की शर्त पर कह रहे हैं कि पार्टी ने भले ही मप्र में सीटें घोषित कर दी हों लेकिन यदि गठबंधन होता है तो हम अपने प्रत्याशी वापस ले लेंगे। अभी नाम वापस लेने का विकल्प खुला हुआ है। बीते दिनों कमलनाथ का एक बयान वायरल हो रहा था। इस बयान में कमलनाथ यह कहते



दिख रहे थे कि कौन अखिलेश वखिलेश। इस बयान को सपा प्रमुख ने गंभीरता से लिया था। इसके बाद उनकी तरफ से तल्ख टिप्पणी भी आई थी। सपा के नेता भी इस बयानबाजी में कूद पड़े थे। अब इस मसले को ठंडा करने की कोशिशें हो रही हैं। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव ने कहा कि कमलनाथ तो मेरे दोस्त हैं। उनसे किसी प्रकार की खटास नहीं है। मालूम हो कि राम गोपाल यादव अखिलेश के करीबी हैं। मप्र में सीटों के बंटवारे को लेकर सोमवार को लखनऊ के प्रदेश के मुख्यालय में बैठक चल रही है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के दखल देने के बाद पार्टी नए सिरे से मप्र के हालातों पर विचार कर रही है। संभव है कि सोमवार की शाम ही इस पर कुछ फैसला हो जाए। मध्य प्रदेश में सपा और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर काफी समय से वार्ता चल रही थी। शुरूआती बातचीत इंडिया गठबंधन में सपा के प्रतिनिधि जावेद अली खान ने की। इसके बाद साझेदारी पर बातचीत की कमान सपा की ओर से प्रो. रामगोपाल यादव और कांग्रेस की ओर से रणदीप सुरजेवाला ने संभाली।

### 'ये हंसी के पात्र बनते जा रहे हैं', अखिलेश को भावी प्रधानमंत्री बताते हुए पोस्टर लगाए जाने पर बोले राजभर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी द्वारा अखिलेश यादव को भावी प्रधानमंत्री बताते हुए पोस्टर लगाए जाने पर सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने कहा, "...हर नेता का सपना होता है कि सीएम बने तो पीएम बन जाएं, सपना देखना बुरी बात नहीं है, लेकिन उसके लिए काम करना पड़ता है जो इन्होंने नहीं किया। ये हंसी के पात्र बनते जा रहे हैं।" बता दें, लखनऊ में समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को 'भावी प्रधानमंत्री' बताते हुए एक होर्डिंग लगाया गया था। होर्डिंग लगाने वाले समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन ने कहा, "समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता चाहते हैं कि अखिलेश यादव देश के पीएम बनें...भारत गठबंधन में हम चाहते हैं कि अखिलेश यादव ही प्रधानमंत्री का चेहरा बनें...कोई भी दावा कर सकते हैं लेकिन असल में जो बीजेपी को हरा सकती है वो समाजवादी पार्टी है।" उत्तर प्रदेश के मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा, "एक कहावत है, 'मुंगेरी लाल के हसीन सपने'। दिवास्वप्न



देखने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। लेकिन अपनी क्षमता के अनुसार सपने देखना चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है।" देश की जनता को पीएम मोदी पर भरोसा है और देश निश्चित तौर पर पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम चुनेगा।"

## हाशिए पर मौजूद लोगों के खिलाफ हुई 'ऐतिहासिक गलतियों' को कानून व्यवस्था ने कायम रखा, सीजेआई का बड़ा बयान

न्यूयॉर्क। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि हाशिए पर मौजूद सामाजिक वर्गों के खिलाफ हुईं ऐतिहासिक गलतियों को कायम रखने में, दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था ने भी अहम भूमिका निभाई है। रविवार को अमेरिका में मैसाच्युसेट्स की ब्रांडेस यूनिवर्सिटी में 'डॉ. बीआर अंबेडकर की अधूरी विरासत' पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने ये बात कही। अपने संबोधन में भारत के चीफ जस्टिस ने कहा कि 'इतिहास में हाशिए पर छूटे सामाजिक वर्गों को खिलाफ सामाजिक असमानता, पूर्वाग्रह और शक्ति के असंतुलन के चलते कई ऐतिहासिक गलतियां हुईं। इनमें ट्रांस अटलांटिक व्यापार के तहत लाखों अफ्रीकी नागरिकों को जबरन गुलाम बनाना और उनका विस्थापन, मूल अमेरिकियों का विस्थापन, भारत में जातीय भेदभाव से करोड़ों लोग प्रभावित हुए और आदिवासी समुदायों का शोषण, महिलाओं का शोषण, एलजीबीटीक्यू और अन्य



अल्पसंख्यक समुदायों का शोषण जैसी घटनाओं से इतिहास दागदार है।' ऐसी सामाजिक व्यवस्था बनाई गई, जिसमें हाशिये पर मौजूद वर्गों को उभरने की इजाजत नहीं थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारी कानून व्यवस्था ने भी इसे बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। जैसे अमेरिका और भारत के कुछ हिस्सों में गुलामी व्यवस्था को कानूनी तौर पर मान्यता दी गई। अमेरिका में भेदभाव वाले कानून बनाए गए। जिम क्रो कानूनों के जरिए मूल लोगों को निशाना बनाया गया और कानूनी व्यवस्था को सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों पर अत्याचार के लिए हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया। अमेरिका और भारत में शोषित वर्ग को लंबे समय तक मतदान के अधिकार से वंचित रखा गया। इस तरह कानून को भेदभाव वाली व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इस्तेमाल किया गया। डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आज ये भेदभाव वाले कानून नहीं हैं लेकिन इसका प्रभाव कई पीढ़ियों तक रहेगा। भारत में आजादी के बाद कई अहम कदम उठाए गए, जिससे सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को ऐसे मौके मिले, जिनसे उन्हें रोजगार, पढ़ाई में प्रतिनिधित्व मिला।

### 'मेरे लिए वह बच्ची जैसी हैं' महुआ मोइत्रा के साथ फोटो वायरल होने पर भड़के शशि थरूर, बोले- ये बर्थडे पार्टी की तस्वीर है



नई दिल्ली। केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सांसद शशि थरूर की तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के साथ एक तस्वीर वायरल हो रही है। अब इस पर कांग्रेस सांसद की प्रतिक्रिया सामने आई है। शशि थरूर ने महुआ मोइत्रा के साथ अपनी तस्वीरें वायरल होने पर इसे निम्न स्तर की राजनीति करार दिया। उन्होंने दावा किया कि तस्वीरें जन्मदिन समारोह की है। इन तस्वीरों को अब तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। कांग्रेस के लोकसभा सांसद ने कहा कि महुआ मोइत्रा उनसे कई साल छोटी हैं। वे उन्हें एक बच्ची के रूप में देखते हैं। उन्होंने केरल के कोट्टायम में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, जो तस्वीरें वायरल की जा रही हैं, वे महुआ मोइत्रा के जन्मदिन पर आयोजित पार्टी की है। यह फोटो उसी समय खींची गई थी। अब इस फोटो को लेकर कहा जा रहा है कि यह सीक्रेट मीटिंग की है, जोकि सरासर गलत है। महुआ मुझसे 10 से 20 साल छोटी हैं। उस पार्टी में 15 लोग मौजूद थे। मेरी बहन भी पार्टी में आई हुई थी। थरूर ने कहा कि मैं ट्रोल्स को ज्यादा महत्व नहीं देता हूं। मेरी प्राथमिकता लोगों के लिए काम करना है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने तस्वीरों के वायरल होने पर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तस्वीरों को बिना कोई संदर्भ दिए प्रसारित किया गया।

## दिल्ली में लगातार खराब हो रही हवा, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय बोले- हॉटस्पॉट पर विशेष टीम तैनात

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा लगातार खराब होती जा रही है। सोमवार को नवीनतम एक्यूआई 309 के साथ दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई है। वहीं, दिल्ली एनसीआर में भी हवा की गुणवत्ता बिगड़ी है। यहां भी वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में है और सफर इंडिया के अनुसार दिल्ली एनसीआर में एक्यूआई 322 है। बढ़ते एक्यूआई के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता। दिल्ली के आनंद विहार, हसनपुर डिपो, राष्ट्रीय राजमार्ग 9 के आसपास की कुछ तस्वीरें सामने आईं, जहां धुंध के चलते कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा है। नेहरू पार्क और तीन मूर्ति मार्ग के आसपास पूरी तरह धुंध छायी हुई है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुलाई बैठक दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते एक्यूआई के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मंत्री गोपाल राय ने कहा कि शहर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए



उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा की। दिल्ली में 13 प्रदूषण हॉटस्पॉट हैं। उन्होंने कहा कि आज, शादीपुर, मंदिर मार्ग, पटपड़गंज, सोनिया विहार और मोती बाग सहित आठ अन्य बिंदुओं पर स्थानीय कारणों से एक्यूआई का स्तर 300 से ऊपर देखा गया। स्थानीय लोगों की पहचान और निरीक्षण के लिए यहां विशेष टीमों को तैनात किया जाएगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 'मौसम हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन स्रोतों को नियंत्रित करने की आवश्यकता है। ग्रैप-2 मुख्य रूप से सफाई और पानी छिड़काव आदि के बारे में है। दिल्ली की सड़को पर अभी तक पानी का छिड़काव हो रहा था। अब उसमें डस्ट सेट्रेसेंट पाउडर को मिलाकर छिड़काव किया जायेगा। इससे धूल के कण नीचे बैठ जायेंगे। 91 जगहों को चिन्हित किया जायेगा, जहां जाम लगता है वहां भी टीम तैनात की जाएगी। बसों और मेट्रो की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया जाएगा। सात-आठ मिनट से घटाकर तीन-चार मिनट किया जाये, जिससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट ज्यादा इस्तेमाल हो। बैठक में पर्यावरण विभाग के सचिव, एमसीडी कमिश्नर, पीडब्ल्यूडी के सचिव, रीजनल कमिश्नर नहीं पहुंचे। वहीं, प्रदूषण को कम करने के लिए जीआरएपी नियमों के चरण-2 के लागू होने के बाद दीन दयाल उपाध्याय रोड पर एंटी-स्मॉग गन के माध्यम से पानी का छिड़काव किया गया। इंडिया गेट पर साइकिल चालक संजय चौधरी ने कहा कि 'मुझे लगता है कि दिल्ली में पिछले 10-12 दिनों से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। आज हम इसे अपनी आंखों में महसूस कर सकते हैं। धुआं घना है, मुझे लगता है कि स्थिति अच्छी नहीं है। हम साइकिल चालक अपने साथ मास्क रखते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि कोई विकल्प है और अगर आपको सड़क पर रहना है तो आपको इसका सामना करना होगा।'

### हाईकोर्ट : अदालत को गुमराह कर हासिल किया गया आदेश खंडनीय, कोर्ट ने निरस्त की अग्रिम जमानत

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी के आरोपी को दी गई अग्रिम जमानत निरस्त करते हुए कहा कि अदालत को गुमराह कर हासिल किया गया आदेश खंडनीय है। कोई भी पीड़ित पक्ष ऐसे आदेश को रद्द करने की अर्जी किसी भी स्तर पर दे सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने शिकायतकर्ता याची मोहम्मद इश्तियाक खान की ओर से आरोपी बृजपाल सिंह भदौरिया को दी गई अग्रिम जमानत को निरस्त करने की मांग वाली याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

मामला मैनपुरी जिले के कुर्रा थाना क्षेत्र का है। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2022 में संपत्ति की खरीद फरोख्त में हुए धोखाधड़ी के आरोप में बृजपाल सिंह भदौरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसे हाईकोर्ट ने स्वीकार करते हुए आरोपी के पक्ष में अग्रिम जमानत मंजूर कर ली थी। आरोपी को मिली अग्रिम जमानत को चुनौती देते हुए शिकायतकर्ता याची ने कहा कि आरोपी सात आपराधिक मामलों में संलिप्त है। लेकिन, उसने अदालत को गुमराह करने के उद्देश्य से अपने आपराधिक इतिहास का खुलासा जमानत अर्जी में नही किया।


आरोपी द्वारा वास्तविक तथ्यों को छुपा कर जमानत का आदेश हासिल किया गया है, जो निरस्त किया जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट द्वारा आरोपी को दी गई जमानत निरस्त कर दी। हालांकि, कोर्ट ने आरोपी को निचली अदालत में समर्पण करते हुए नियमित जमानत अर्जी दाखिल करने की छूट दी है। कोर्ट ने निचली अदालत को आरोपी की जमानत अर्जी सत्येंद्र कुमार अंटील के वाद में स्थापित विधि व्यवस्था के आलोक में निस्तारित करने का आदेश भी दिया है।

## संपादकीय

# विलंबित न्याय और सुप्रीम कोर्ट की चिंता

देश भर की अदालतों में लंबित मुकदमों और उनके निपटारे की सुस्त रफ्तार को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। मगर कैसे लंबित मुकदमों का समय पर निपटारा किया जाए, इसे लेकर कोई ठोस पहल नहीं दिखती। यह बेवजह नहीं है कि अदालतों तक पहुंचे मुकदमे कई बार दशकों तक लटके रहते हैं या उनके निपटारे की गति बेहद धीमी होती है। नतीजतन, उसमें शामिल वादी और प्रतिवादी न्याय की आस में वर्षों तक इंतजार करते रहते हैं। इससे न्याय की राह में आने वाली अड़चन को लेकर अदालतों और न्यायाधीशों की चिंता भी अक्सर सामने आती रही है। बीते शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर कहा कि अगर कानूनी प्रक्रिया ह्यकच्छप गतिह्न से आगे बढ़ती है, तो न्याय व्यवस्था से वादियों का मोहभंग हो सकता है। इसके साथ ही अदालत ने पुराने मामलों की तेजी से सुनवाई सुनिश्चित करने और उन्हें निपटाने के लिए कुछ दिशा-निर्देश जारी किए। इस क्रम में उच्च न्यायालयों को भी कई निर्देश दिए गए हैं। मुकदमों के बोझ और ऐसे मामलों में न्याय की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड यानी एनजेडीजी के आंकड़ों के मुताबिक, कई मुकदमे अदालत में पचास वर्ष से ज्यादा समय से फैसले का इंतजार कर रहे हैं। जाहिर है, ऐसे भी मामले होते होंगे जिनमें शामिल पक्षकारों की इतने लंबे वक्त तक न्याय का इंतजार करते हुए मौत भी हो जाती होगी। सवाल है कि ऐसे में अगर कोई पक्ष अपने प्रति हुए अन्याय के खिलाफ गुहार लगाने अदालत तक पहुंचा हो, तो उसके भीतर कैसी भावनाएं पैदा होंगी? सुप्रीम कोर्ट की यह बात इसी संवेदना को ध्यान में रख कर कही गई लगती है कि कानूनी प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चलने की वजह से वादी का न्यायिक प्रणाली से भरोसा उठ सकता है। जबकि किसी भी न्यायिक व्यवस्था में लोगों को उम्मीद होती है कि उनके साथ अन्याय होने की स्थिति में अदालतें इंसाफ करेंगी। खासकर समाज के कमजोर तबकों के बीच अगर कभी सत्ता तंत्र की ओर से निराशा मिलती है तब वे न्यायिक प्रणाली से ही उम्मीद लगाते हैं। अगर न्याय सुनिश्चित हो पाता है तब साधारण लोगों का अदालतों पर भरोसा मजबूत होता है, अन्यथा निराशा बढ़ती है। यों भी यह सिद्धांत है कि न्याय में देरी एक तरह से अन्याय है। अगर कोई पीड़ित पक्ष पचास या पैंसठ वर्ष पहले किसी मामले में इंसाफ की उम्मीद में अदालत की दहलीज पर पहुंचा होगा और उसके हिस्से इतने वर्षों तक सिर्फ इंतजार रहा, तो क्या यह समूची न्याय प्रणाली पर एक सवालिया निशान नहीं है? न्याय प्रक्रिया की जटिलता की राह को थोड़ा आसान बनाने के लिए अर्ध-न्यायिक संस्थाओं के रूप में न्यायाधिकरणों का ढांचा खड़ा किया गया था। लेकिन भारी पैमाने पर खाली पड़े पदों और अन्य कारणों से उसके अपेक्षित नतीजे नहीं आए। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने न्याय में देरी की समस्या को फिर से रेखांकित किया है, लेकिन लंबे समय से इस मसले पर चिंता जताने के बावजूद इसका समाधान खोजने को लेकर कोई ठोस पहल क्यों नहीं दिखती है? सरकारों को भी न्यायाधीशों की कमी से लेकर आधारभूत ढांचे की मुश्किलों का हल निकालना जरूरी नहीं लगता। न्याय दिलाने के प्रति इस स्तर की उदासीनता के रहते मुकदमों का बोझ कम करने, उन पर सुनवाई और इंसाफ सुनिश्चित करने की रफ्तार कैसे तेज की जा सकेगी?

## दमघोंटू वातावरण!



हवा हुई जहरीली ।
होगा रखना ध्यान ।।
संयम सावधानी से ही ।
हो सकता कल्याण ।।
दमघोंटू वातावरण ।
है अचानक छाया ।।
गंदगी का फिर से ।
दिख रहा है साया ।।
हल्ला गुल्ला करके बंद ।
है करना प्रहार ।।
स्वच्छ हवा ही सबका ।
जन्मसिद्ध अधिकार ।।
जो भी जिम्मेदार हैं ।
हो अब कार्रवाई ।।
ना हुआ नियंत्रण तो ।
होगी जगहंसाई ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# इजराइल-हमास युद्ध-काहिरा शांति शिखर सम्मेलन बेनतीजा

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सभी देश किसी न किसी अंतरराष्ट्रीय मंच से जुड़े हुए हैं। प्रतिवर्ष कांक्लेव्ड,शिखरसम्मेलन इत्यादि का आयोजन करसहयोगी देशों की एकजुटता और कामन सोच पर बल देते हैं। सबसे बड़ी बात 200 से अधिक देशों का एक ही मंच संयुक्त राष्ट्र भी वर्किंग में है, उसके बावजूद वर्तमान सामंजस्यता सहिष्णुताआपसी मिलन भाईचारे के संदेश के स्थान पर ताबड़तोड़ भयंकर भयानक युद्ध का दौर शुरू हो गया है, जिससे मानवता की सोच को क्षीण क्षीण किया जा रहा है,और तीसरे विश्वयुद्ध की संभावनाओं को बल मिलते जा रहा है जिससे दुनियां तीन खेमों में बटकर अलर्ट है, जिसका ताजा उदाहरण हम पिछले 17 महीना से अधिक अवधि से शुरू रूस-यूक्रेन युद्ध और पिछले 17 दिनों से हमास-इजरायल युद्ध के रूप में देख रहे हैं। अरब्र-पश्चिमी देशों की गुटबंदी साफ नजर आ रही है, परंतु कोई भी अंतरराष्ट्रीय मंच किसी भी तरह से युद्ध शांति की पहल नहीं कर रहा है। बड़ी मुश्किल से आनंन-फानन में दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को देर रात्रि मिस्त्र की राजधानी काहिरा में हमास-इजरायल युद्ध के बीच का रास्ता निकालने के लिए युद्ध शांति शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था, परंतु दिनांक 22 अक्टूबर 2023 को मीडिया में सूचना आई कि यह शांति शिखर सम्मेलन बे नतीजा रहा। यानें असफल हो गया इसीलिए ही अरब मुल्क और पश्चिमी देशों का कोई साझा या संयुक्त बयान जारी नहीं हुआ और युद्ध अपनें चरम सीमा पर पहुंच गया हैउधर बड़ी मुश्किल से मानवीय संकट को ध्यान में रखते हुए 21 अक्टूबर 2023 को राफा बॉर्डर खोला गया जिसके द्वारा अनेक ट्रैकों से राहत सामग्री फिलिस्तीन हमास जा रही है वहीं भारत ने भी एक विमान से स्वास्थ्य सामग्री दवाएं भेजी है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति ने राफा बॉर्डर खुलने की तारीफ की है। चूंकि काहिरा शिखर सम्मेलन बेनतीजा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मानवीय संकटों को देखते हुए जल्दबाजी में बुलाए गए काहिरा शांति शिखर सम्मेलन बेनतीजा होनादुर्भाग्यपूर्ण है। मानवीय सहायता के लिए राफा बॉर्डर खोलना सराहनीय है।



साथियों बात अगर हम मिस्त्र की राजधानी काहिरा में शांति शिखर सम्मेलन बेनतीजा होने की करें तो, हमास और इजराइल जंग और गाजा में मानवीय संकटो को देखते हुए मिस्त्र ने एक शांति सम्मेलन का आयोजन किया था। इस सम्मेलन की मेजबानी मिस्त्र ने किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस शांति सम्मेलन में 20 से ज्यादा मुल्कों के चीफ शामिल हुए लेकिन अरब और यूरोपीय देशोंके नेताओं की बैठक बेनतीजा रही। हमास के हमले के बाद गाजा में पिछले 17 दिनों से बमबारी को लेकर मिस्त्र और जॉर्डन ने इस्त्राइल की कड़े शब्दों में आलोचना की और उसकी कार्रवाई पर नाराजगी जताई। यूरोपीय देशों के नेताओं ने कहा कि नगारिकों को बचाया जाना चाहिए। जल्दबाजी में बुलाए गए काहिरा शिखर सम्मेलन में जॉर्डन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, चीन, कतर और दक्षिणी अफ्रीका के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मेजबान मिस्त्र के राष्ट्रपति ने गाजा से 23 लाख फलस्तीनियों को सिनाई प्रायद्वीप में भेजे जाने को लेकर किसी भी तरह की वार्ता को खारिज किया। जॉर्डन के किंग ने इस्त्राइल की तरफ से गाजा की घेराबंदी और बमबारी को युद्ध अपराध बताया। अरब देशों के प्रतिनिधियों के भाषणों से साफ था कि इस्त्राइल के हमले को लेकर क्षेत्र में नाराजगी बढ़ रही है इजरायल और हमास के बीच 17 दिनों से जारी युद्ध के अब महायुद्ध में बदलने के कई संकेत दस्तक देने लगे हैं। युद्ध की चिंगारी में महायुद्ध की तैयारी वाली आशंकासे इनकार नहीं किया जा सकता। काहिरा में आयोजित शांति सम्मेलन में हमास और इजराल जंग के साथ-साथ गाजा में मानवीय संकट पर चर्चा हुई, यह शांति सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है, जिस समय अंतराष्ट्रीय समुदाय की तरफ से मिस्त्र पर गाजा पट्टी से सटे रफाह क्रॉसिंग खोलने का दबाव बनाया जा रहा था। मिस्त्र ने सम्मेलन का मकसद शांति बहाल करना था इस शांति सम्मेलन में मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी, फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास, जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और बहरीन के शाह हमद बिन ईसा अल खलीफा शामिल थे। इसके अलावा कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी, इराकी पीएममोहम्मद शिया अल-सूडानी, इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस, कुवैत क्राउन प्रिंस शेख मेशाल अल-अहमद अल-सबाह, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा, विदेश मामलों के लिए ब्रिटिश राज्य सचिव जेम्स क्लेवरली, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक और नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे के शामिल होने की बात मीडिया में आई है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल, यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल, रूस के उप विदेश मंत्री मिखाइल बोगदानोव, मध्य पूर्व मुद्दों के लिए चीन के राजदूत झाई जून भी सम्मेलन में शामिल होने की खबरें मीडिया में आई है। इस सम्मेलन में ईरान इजराइल शामिल नहीं हुए। फिलिस्तीन के भविष्य पर चर्चा करने के लिए कई अरब और यूरोपीय राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के साथ-साथ कई देशों के विदेश मंत्रियों ने भी शिरकत की. इस समिट का मुख्य उद्देश्य एकता को बढ़ावा देना और संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालना था। 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद इजराइल गाजा पर जमीनी हमले की तैयारी कर रहा है, इजराइल के जवाबी हमले में 4,100 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और गाजा में मानवीय संकट बढ़ गया है। अरब देशों ने 23 लाख लोगों की आबादी वाले गाजा पर इजराइल की बमबारी और घेराबंदी पर नाराजगी जताई है। यूरोपीय देश एकताई कायम करने की कोशिशों में हैं हालांकि, यूरोपीय यूनियन ने हमास की कड़े शब्दों में आलोचना की है। मिस्त्र राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा को मानवीय मदद भेजने की कोशिश कर रहा है, जो एकमात्र एग्जिट पॉइंट है जिसपर इजराइल की पहरेदारी नहीं है।

## 15 नवम्बर को निकलेगी श्री चित्रगुप्त जी की शोभा यात्रा, कायस्थ महासभा का जनसंपर्क जोरों पर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में फुल्लनपुर, गौसाबाद, फत्तेहपुर सिंकदर कालोनी में स्वजातीय बंधुओं से सम्पर्क कर दिनांक 15 नवम्बर को उर्दू बाजार से निकलने वाली भगवान श्री चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान फुल्लनपुर स्थित महासभा के जिला सचिव कमल प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट के आवास पर आयोजित बैठक में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने सभी कायस्थ बन्धुओं से इस शोभायात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस शोभायात्रा का उद्देश्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी के पूजन अर्चन के साथ साथ समाज से विलुप्त हो रही राजनैतिक



चेतना का पुनर्जागरण करना और समाज की एकता और ताकत का प्रदर्शन करना भी है। उन्होंने कायस्थ समाज के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि इस शोभायात्रा के माध्यम से अपने महापुरुषों की झांकी निकालकर हम अपने महापुरुषों को भी नमन करते हैं क्योंकि जो समाज अपने महापुरुषों के त्याग और बलिदान को भूल जाता है उसे याद नहीं करता है उस समाज की पहचान स्वतः समाप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पुरखों के इतिहास को जिंदा रखने की जरूरत है। उन्होंने कायस्थ बन्धुओं को जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चित्रगुप्त पूजनोत्सव के अवसर पर उर्दू बाजार स्थित अजय कुमार श्रीवास्तव के आवास से आरंभ होकर नवाबगंज, चित्तनाथ, टाउन हाल, लाल दरवाजा, मिश्रबाजार, महुआबाग होते हुए ददरीघाट स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मंदिर पर जाकर समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की सजीव झांकी के साथ समाज के महापुरुष डॉ राजेन्द्र बाबू, डॉ सुभाष चन्द्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, स्वामी विवेकानंद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, डॉ सम्पूणार्नंद, शहीद खुदीराम बोस, महादेवी वर्मा , फिराक गोरखपुरी, गणेश शंकर विद्यार्थी, महाकवि गोपाल दास नीरज, हरिवंश राय बच्चन, मेगा स्टार अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा, महान गायक मुकेश कुमार आदि की झांकियां भी शामिल रहेंगी।उन्होंने सभी कायस्थ बन्धुओं से बड़ी संख्या में पूरे परिवार के साथ इस शोभायात्रा में शामिल होकर अपनी एकता और ताकत दिखाने का आह्वान किया। इस सम्पर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव , अरुण सहाय, कमल प्रकाश श्रीवास्तव, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल वेदान्तिक, सुशील श्रीवास्तव नित्यानंद श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव,र जनीश आदि शामिल रहे।

## रावण दरबार, लंका दहन तथा रामेश्वरम राम सेतु निर्माण का हुआ सजीव मंचन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के परिसर में भड़सर गांव रामलीला समिति के रानू सिंह एवं महासचिव धनंजय सिंह द्वारा मुख्य अतिथि जंगीपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू को स्मृति चिन्ह प्रदान किया और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन विनोद पटेल व सुरेन्द्र खरवार द्वारा किया गया। राम लीला के पहले दृश्य मे मेघनाथ द्वारा हनुमान को पकड़कर रावण के दरबार मे लाया जाता है जहाँ हनुमान रावण से कहते हैं कि अब भी समय है अपने कुकर्मो के लिए श्रीराम से क्षमा मांग लो वह दया की मूर्ति हैं निसंदेह तुमको क्षमा कर देंगे परन्तु रावण अपने अहंकार मे क्षमा मांगने से मना कर देता है वहीं रावण दरबार में सभी कहते है कि हनुमान को मार दिया जाये लेकिन विभीषण के समझाने पर रावण ने कहा कि इसकी पूछ पर आग लगा दो । आग लगाने के बाद हनुमान जी एक महल से दूसरे महल पर जाते है और इस तरह पूरी लंका को जला देते है। इससे राक्षस बहुत भयभीत हो जाते हैं । सीता से आज्ञा लेकर एवं चूड़ामणि लेकर राम जी के पास पहुंचते है। अगले दृश्य में श्रीराम रामेश्वरम की स्थापना हेतु भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं और तत्पश्चाल नल ओर नील द्वारा सेतु बंधन का कार्य प्रारंभ किया जाता है। नल ओर नील द्वारा श्रीराम का नाम लेकर फेंके गए पत्थर समुंदर में डूबते नही है। अंगद रावण से कहता है कि माता सीता को लौटा दो और प्रभु की शरण में आजाओं लेकिन अहंकार वश रावण अंगद का उपहास उड़ाता है । तब अंगद अपना पैर रोप कर कहते हैंह्यजौं ममचरन सक हिंस ठटारी । फिरहिं रामुसीता मैं हारी लेकिन कोई अंगद का पैर डिगा नहीं पाया । अंत में रावण उठता है और ज्योही अंगद का पैर पकड़ने उठता है अंगद कहते है कि अगर पैर पकड़ने हैं तो श्रीराम के पकड़ो । रावण लज्जित होता है और अंगद रामदल में पहुंच जाते हैं । लंका दहन आदि प्रसंगों के मंचन के साथ ही आठवें दिन की लीला का समापन होता है । अगले दिनों में आदि प्रसंगों का मंचन किया जायेगा। इस अवसर पर सुरेन्द्र खरवार, बिपिन चौरसिया, सुनील यादव, कल्लू सिंह, चन्दन सिंह, सुभाष पटेल, संतोष खरवार, अरविंद पटेल, इदिरीस खान, कमला पाल, बाढू पटेल, अभय सिंह, प्रमोद सिंह, हरेंद्र खरवार, विशाल खरवार ,अक्षय सिंह, राजेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे अंत में कार्यक्रम संयोजक रानू सिंह के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## देश भर में सक्रिय जीएसटी टैक्स चोरी सिंडिकेट के मास्टरमाइंडों की धरपकड़ के प्रयास तेज

वैश्विक स्तरपर विकसित देशों सहित अनेक देशों में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सिस्टम लागू है। भारत में भी लंबी अवधि के कई वर्षों की जद्दोजहद के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाकर वर्ष 2017 में देर रात्रि जीएसटी विधायक को कानूनी रूप दिया गया था, जो कानून बनकर लागू हुआ था, उसमें जीएसटी काउंसिल का प्रयोजन भी किया गया था जिसकीअध्यक्ष केंद्रीय वित्तमंत्री और अन्यसदस्यों में सभी राज्यों, केंद्र शासितप्रदेशों के वित्तमंत्री अधिकृत अधिकारी सहित अनेक विशेषज्ञ लोग इसके मेंबर होंगे, जिनकी सभा लेकर समय व परिस्थितियों के अनुसार धाराओं को चेंज कर उसमें संशोधन किया जा सकता है जीएसटी दर को भी चेंज किया जा सकता है। अब तक शनिवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक को हमने देखे हैं। परंतु यह सर्वविदित है कि भारतीय बौद्धिक क्षमता इनकी सुदृढ़ है कि, किसी भी कानून का तोड़ निकाल ही लेते हैं, फिर सरकार उस कानून के लीकेजेस को देखते हुए संशोधन करती है। लेकिन अभी 2 दिन पहले जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के सितंबर 2023 तक के आंकड़े जारी कर कहा कि अब तक 1.36 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया है तथा इतने बड़े फ्रॉड को रेखांकित किया गया है, जिसे पकड़ने मॉडरेट एनालिटिक टूल्स का प्रयोग किया गया जिसे यह सुलझाना और टैक्स चोरों कोगिरफ्तार करने में सहायक साबित हुआ है।मेरा मानना है किजीएसटी की मामूली चोरी को छोड़ दें तो 1.36 लाख करोड रुपए की इतनीं बड़ी जीएसटी चोरी बिना ऊपर के आशीर्वाद से और मिलीभगत से नहीं की जा सकती, जिसमें अकाउंटेंट से लेकर भिन्न लेवल के टैक्स विशेषज्ञों के शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि बिना उनके मिलीभगत से इतनी बड़ी चोरी संभव नहीं है या फिर हम कर सकते हैं कि संबंधित अधिकारियों को इस चोरी के गलियारे का पता लगाने की बौद्धिक क्षमता नहीं है तो उसे वॉलंटरी रिटायरमेंट देने पर विचार करने की जरूरत है, क्योंकि चोरी को सख्ती के बल पर रोका जा सकता है जो राष्ट्र के विकास में जरूरी है। चूंकि वित्त मंत्रालय ने 1.36 लाख करोड़ कि जीएसटी, मात्र चालू वित्त वर्ष में बताई गई है तो इसके पीछे अभी शायद कहीं गुना होगी जो पकड़ में नहीं आ रही होगी या फिर मिली भगत वाला बैंड बाजा भी हो सकता है, क्योंकि सुर ताल से ही संगीत की सफलता होती है,यह अधिकारियों और करचोरों के बीच होता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेजीएसटी चोरी अक्सर परिचित भोले भाले व्यक्तियों को नौकरी कमीशन बैंक ऋण का प्रलोभन देखकर वाईसी दस्तावेज से फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट से करना आम बात है। साथियों बात अगर हम वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी से जीएसटी चोरी संबंधी डाटा की करें तो,माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के आसूचना अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.36 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर चोरी से निपटने के लिए जीएसटी आसूचना महानिदेशालय देश भर में अपने खुफिया नेटवर्क का उपयोग करने के अलावा डेटाविश्लेषण के लिए उन्नत उपकरणों के माध्यम से विशेष रूप से कर चोरी के नए तरीकों की खुफिया जानकारी पता करता है।

## शिद्दत से याद किये गए पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व0 चंद्रभान सिंह



प्रखर कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सूखा टोला डुमरी) में पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व0 चंद्रभान सिंह की प्रथम पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भिक्षुओं ने शांति पाठ किया और जरूरतमन्दों में कम्बल वितरित किया। आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में थाई भन्ते पी सों क्रान, पी सरोट, पी थुन सहित भिक्षुओं ने धम्म पाठ किया। भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि व्यक्ति अपने कर्मों की बदौलत जाना जाता है। धन्य हैं वे संतानें जो अपने माता - पिता को याद करते हैं और उनके बताए मार्ग का अनुशरण करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में पुत्र डा0 शैलेश सिंह, पत्नी सुमित्रा देवी, पुत्रियां संगीता, अनिता, हिमांशु, सत्यनारायण सिंह, हरिवंश, पप्पू सिंह, सभासद विजेंदर प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, एडवोकेट जितेंद्र पटेल, राधेश्याम सिंह, मनोज प्रजापति, योगेंद्र सिंह, राम ब्यास कुशवाहा, राम मिलन सिंह, पिंटू, आलोक, अभिषेक,नीरज सहित सैकड़ों लोगों ने स्व0 सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हथियाराम मठ पर स्वामी भवानी नन्दन यति ने किया कन्या पूजन, लिया आशीर्वाद दिया उपहार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सिद्धपीठ हथियाराम मठ में शारदीय नवरात्रि की नवमी पर सोमवार को कन्या पूजन का आयोजन किया गया। मठ के 26वें पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानी नंदन यति महाराज के निर्देशन में कन्याओं की पूजा कर उन्हें वस्त्र, दक्षिणा आदि देते हुए भोग लगाया गया। क्षेत्र के साथ ही कन्या पीजी कालेज हथियाराम की सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं, जिनकी देवी रूप में पूजा की गई। मुख्य यजमान ने कन्याओं का पैर धोकर उन्हें आसन पर बिठाया। चंदन, अक्षत से तिलक लगाकर अंगवस्त्रम प्रदान किया। कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर उन्हें यथा सामर्थ्य दान-दक्षिणा दिया। कन्याओं के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उन्हें विदा किया। महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति ने कन्या पूजन और महानवमी के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए शिष्य श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि इस दिन कन्याओं को भोजन कराने से घर में सुख, शांति और सम्पन्नता आती है। ऐसा करने से जातक को कभी धन की कमी नही होती और उसका जीवन उन्नतशील रहता है। उन्होंने चिंता और चिता में बिंदी मात्र का फर्क बताते हुए अपने जीवन में भगवत चिंतन करने का आह्वान किया। कन्या महाविद्यालय हथियाराम के प्राचार्य डा. रत्नाकर त्रिपाठी ने कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जंगीपुर के विधायक डा. वीरेन्द्र यादव, सादात के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव, भुड़कुड़ा पीजी कॉलेज के प्रवक्ता डा. संतोष मिश्रा, शिक्षिका डा. अमिता दूबे, कन्या महाविद्यालय परिवार की शिक्षिकाएं, गणमान्यजन और संतगण उपस्थित रहे। अंत में श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ की कामना संग भंडारा से महाप्रसाद ग्रहण किया। दूसरी तरफ नवमी तिथि पर श्रद्धालुओं ने बुढ़िया माता और मां सिद्धिदात्री की पूजा आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना किया।

## सादात पुलिस ने किया तमंचा के साथ युवक को गिरफ्तार, किया चालान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सादात थाना पुलिस ने रविवार की रात नगर पंचायत में रामलीला मंचन स्थल के समीप से एक युवक को अवैध असलहे संग गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक गोविन्द यादव पुत्र अमरनाथ यादव खानपुर थाना क्षेत्र के भुंवरपुर का निवासी है। बताया गया कि रामलीला मंचन के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने गोविन्द को तमंचे के साथ देखकर जब उससे पूछताछ की तो वह उनसे उलझने लगा। पुलिस ने उसे बलपूर्वक पकड़कर उसके कब्जे से 315 बोर का देशी तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार युवक को पकड़कर थाने लाकर पुलिस ने उसका चालान कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया।

# पीजी कालेज धरना का 12वां दिन, प्रबन्धक, प्राचार्य का पुतला दहन को तैयार




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने बारहवें दिन सोमवार को भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। बता दें कि छात्र विगत 12 दिनों से धरने पर बैठे हैं और महाविद्यालय प्रशासन मौन धारण किया हुआ है जिससे छात्रों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। और विजयादशमी पर्व पर महाविद्यालय प्रबंधक व प्राचार्य के तानाशाही रवैया का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराने की तैयारी में है। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा महाविद्यालय प्रशासन कि लापरवाही से स्नातक व स्नातकोत्तर समस्त संकाय द्वितीय सेमेस्टर का प्रायोगिक परीक्षा अंक नहीं भेजने से सभी छात्रों का रिजल्ट जारी नहीं हो सका है इसके लिए जौनपुर यूनिवर्सिटी द्वारा चेतावनी नोटिस भी महाविद्यालय को दिया गया है,वही जौनपुर यूनिवर्सिटी ने तृतीय सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने का डेट जारी भी कर दिया है लेकिन पीजी कॉलेज में स्नातक व स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो सकी है तो छात्र-छात्रायें परीक्षा फार्म कैसे भरें? जानबूझकर महाविद्यालय प्रशासन देरी कर रहा है और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है जिससे तृतीय सेमेस्टर प्रवेश प्रक्रिया में विलंब हो तो छात्रसंघ चुनाव न कराना पड़े। छात्र नेता प्रिंस प्रजापति ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों कि समस्याओं को दूर करने के बजाय और समस्याओं को बढ़ा रहा है और छात्रों को पठन-पाठन के बजाय मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है जिसे छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्र नेता अमृतांश बिन्द ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द 32 सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं करता है तो हम सभी छात्र भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे उस दौरान किसी भी छात्र कि तबियत बिगड़ती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन व जिला प्रशासन की होंगी। छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से छात्र संघ चुनाव कराने, प्राचार्य के महाविद्यालय में समय से आने कि मांग, टीसी चरित्र शुल्क कम करने कि मांग, बीपीई प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर प्रवेश लेने, अवैध वसूली बंद करनें, बीपीई का रिजल्ट जारी करने कि मांग, फीस वृद्धि वापस लेंने, पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय, तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने, आरो वाटर मशीन लगाने कि मांग, महाविद्यालय में पठन-पाठन का माहौल बनायें तथा सभी शिक्षक व कर्मचारी समय से आने व विभाग खोलने सहित आदि मांग है। धरना में शामिल छात्र नेता आकाश कुमार चौधरी, निलेश बिन्द, आरती बिन्द निखिल राज भारती, ईश्वर यादव, प्रांजल मिश्रा, रणविजय प्रताप, कृष्णा नन्द, नितेश गौड़, सुजीत यादव, प्रमोद कुमार, पवन, अनुज, राजन, दुर्गेश सिंह आदि छात्र मौजूद रहे।

## स्व. बाबू जयनाथ सिंह स्मृति कुश्ती दंगल प्रतियोगिता संपन्न



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के मुजडीह खेमईपुर में प्रत्येक वर्ष होने वाले स्व बाबू जयनाथ सिंह कुश्ती दंगल स्मृति प्रतियोगिता सोमवार शाम को संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थाना अध्यक्ष अहरौरा अमित कुमार मिश्रा ने पहलवानों को अंगवस्त्रम देकर एवं हाथ मिलाकर कुश्ती प्रारंभ कराया यह दंगल प्रतियोगिता सन 1952 में स्व, बाबू जय नाथ सिंह, कैप्टन राजनाथ सिंह के द्वारा आरंभ कराया गया था 72 वर्षों से यह कुश्ती दंगल लगातार होता चला आ रहा है इस कुश्ती दंगल में स्थानीय ग्रामीणों सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति सहयोग करते हैं सभी के सहभागिता से इस कुश्ती दंगल को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाता है मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में प्रोफेसर शिव प्रताप सिंह, डॉ रमेश कुमार सिंह, डा उपेंद्र कुमार सिंह, डा नंदलाल सिंह ,डॉ वैभव सिंह, डा सत्यनारायण रघुवंशी, डा नरेंद्र प्रताप सिंह ,समर सिंह, रणजीत सिंह, डॉ भगत सिंह, डॉ नाहर सिंह,विक्की सिंह, बंटी सिंह, अभय सिंह, अवनीश सिंह समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हनुमान घाट के शेष भागो में जल्द होगा निर्माण : गिरीश चंद्र यादव

प्रखर जौनपुर। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने आज नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गोमती नदी के किनारे बन रहे गोमती रिवर फ्रंट का निरक्षण किया। इस परियोजना के अंतर्गत सद्भावना पुल से हनुमान घाट होते हुए बजरंग घाट तक रिवर फ्रंट का निर्माण कर चल रहा है। मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के अधिकारी व कॉन्टैक्टर को जल्द से जल्द काम करने का निर्देश दिया। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने कहा कि रिवर फ्रंट के निर्माण के साथ-साथ हनुमान घाट के शेष भाग विद्यावासिनी तक नए घाट के निर्माण के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट से अति शीघ्र करने की प्रक्रिया चल रही है। जिसका काम अति शीघ्र प्रारंभ होगा। हनुमान घाट के शेष भाग में नए घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण से नगर वासियों को लाभ मिलेगा और पर्यटन की दृष्टि से भी जनपद को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी राज्यमंत्री के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी है।



## हे सूरज इतना याद रहे, संकट एक सूरज वंश पे है

प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। चौक बाजार में स्थित शंकर जी के मंदिर पर चल रही रामलीला में रविवार की रात लक्ष्मण शक्ति,हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने,कुंभकर्ण वध के लीला का मंचन किया गया।मेघनाद और लक्ष्मण में भीषण युद्ध हुआ। जब मेघनाद के सारे अस्त्र असफल हो गए तो उसने अमोघ शक्ति लक्ष्मण के ऊपर छोड़ दी। शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़े। लक्ष्मण को मूर्छित देख भगवान राम विलाप करने लगे। विभीषण के कहने पर हनुमान जी सुषैन वैद्य को लाते हैं और वैध के सलाह पर हनुमान जी हिमालय पर्वत से संजीवनी बूटी लेने निकलते हैं। इस दौरान हनुमान जी कहते हैं कि

हे सूरज इतना याद रहे,
संकट एक सूरज वंश पे है,
लंका के नीच राहु द्वारा
आघात दिनेश अंश पर है।
इसीलिए छिपे रहना भगवन
जब तक न जड़ी पंहुचा दूं मैं,
बस तभी प्रकट होना दिनकर
जब संकट निशा मिटा दूं मैं।
मेरे आने से पहले यदि
किरणों का चमत्कार होगा,
तो सूर्य वंश में सूर्यदेव
निश्चित ही अंधकार होगा।
आशा है स्वल्प प्रार्थना ये
सच्चे जी से स्वीकरोगे,
आतुर की आर्थ अवस्था को
होकर करुणार्ध निहारोगे।
अन्यथा छमा करना दिनकर,
अंजनी तनै से पाला है,
बचपन से जान रहे हो तुम
हनुमत कितना मतवाला है।मुख में तुमको धर रखने का फिर वही क्रूर साधन होगा,बंदी मोचन तब होगा जब लक्ष्मण का दुःख मोचन होगा। इसके बाद हनुमान जी सूर्योदय से पूर्व संजीवनी लेकर आते हैं और लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई। इसके बाद प्रभु श्री राम द्वारा कुंभकर्ण का वध किया जाता हैं।कुंभकर्ण को निद्रा से जगाने की लीला को देख दर्शक हंसी से लोटपोट हो जाते हैं।मेघनाथ के रुप में बृजेश ने बेहतरीन अभिनय किया। राम का किरदार धीरज मोदनवाल ने निभाया।रावण के रूप में कामेश्वर ने तो वहीं कुंभकर्ण का जिवंत अभिनय विकास में किया। इस दौरान अध्यक्ष कुमार आनंद, व्यास शिरिष चंद्र, अश्वनी, पुण्य,प्रवीन, किशन, सतीश, सोनू, सक्षम, रौनक, मोनू सहित अन्य रहें।

# नहरों में लगा झाड़ियों का अंबार, किसानों का सिंचाई को लेकर प्रदर्शन



प्रखर मिजार्पुर। विकास खण्ड-जमालपुर में आने वाले अहरौरा बांध से निकले वाली चौकियां ब्रांच नहर पर किसानों द्वारा आज दिनांक 23-10-2023 को ग्राम चौकियां और मनऊर के बीच नहर के किनारे खड़ा होकर सिंचाई विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया और मांग किया गया कि तत्काल नहरों की सफाई करा कर नहर के टेल तक के किसानों के खेतों की सिंचाई सुनिश्चित कराई जाय।बता दें कि इस समय विकास खण्ड जमालपुर क्षेत्र के किसानों के धान की फसल लगभग पुरी तैयारी पर है और अब सिर्फ एक अंतिम सिंचाई की आवश्यकता है,जिससे धान का फसल भी उतर जाएगा और अगले फसल की बुवाई भी हो जाएगी।लेकिन सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते अहरौरा बांध में प्रर्याप्त पानी होने के बावजूद भी किसान सिंचाई के लिए तरस रहे हैं।अहरौरा बांध से पानी खुलें लगभग दस दिन हो गए लेकिन अभी टेल तक पानी नहीं पहुंचा और आगे पहुंचने की संभावना भी नहीं है,क्योंकि चौकियां ब्रांच के नहरों में झाड़ियों का बहुत अंबार लगा हुआ है,जिस कारण से शेरवां माईनर में शेरवां के आगे,चौकियां माईनर में मनऊर से आगे पानी नहीं गया।शासन का कहना है कि नहरों की सफाई करा कर किसानों के खेत तक पानी पहुंचाया जाएगा,लेकिन यहां सिंचाई विभाग शासन के निदेर्शों की धज्जियां उड़ाते हुए सिर्फ अहरौरा बांध से पानी खोलकर हाथ पर हाथ धरे बैठा है,किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा कि नहीं पहुंचेगा इससे कोई मतलब नहीं।सिंचाई विभाग के इस घोर लापरवाही का खामियाजा निश्चित तौर पर सरकार के जनप्रतिनिधियों को आने वाले समय में भुगतना पड़ सकता है।बांध में पानी होने के बावजूद भी नहरों में उगी झाड़ियों के कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचने से नाराज किसानों द्वारा नहर में उगी झाड़ियों के सामने खड़ा हो कर प्रर्दशन किया गया। प्रर्दशन के दौरान अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि सिंचाई विभाग सिर्फ बांध से पानी खोलकर ही अपनी जिम्मेदारी को पुरा न समझे, सिंचाई विभाग को किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

## मिशन शक्ति अभियान फेज 4.0 के तहत डीएवी इण्टर कालेज की छात्रा विधि पाण्डेय को बनाया गया एक दिन का थाना प्रभारी

प्रखर संतकबीरनगर। मुख्यमन्त्री उ0प्र0 सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि व दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर महिलाओं तथा बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-04 के तहत पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मेहदावल विजय कुमार दूबे के द्वारा थाना मेहदावल का एक दिन का कोतवाल छात्रा विधि पाण्डेय को बनाया जो मेहदावल कस्बे में स्थित डी०ए०वी० इण्टर कालेज में 12 वीं की छात्रा है। वरिष्ठ उ०नि० के रूप में सौम्या पाण्डेय, डे अफसर के रूप में नीना श्रीवास्तव, बैंक चेकिंग अधिकारी जागृति पाण्डेय एण्टी रोमियो टीम प्रभारी मुस्कान गुप्ता व सुरक्षा अधिकारी अभिषेक पाण्डेय को बनाया गया । सभी छात्राएं डी०ए०वी० इण्टर कालेज की हैं।

क्रार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्राओं के आगमन पर उनकी टीचर सहित सभी छात्राओं को थाना प्रभारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया । थाना प्रभारी विजय कुमार दूबे ने थाने का एक दिन का कमान विधि पाण्डेय को सौंपकर थानेदार की कुर्सी पर बैठाया तथा पीडित / फरियादियों की समस्याएं सुनी गयी व उनका निस्तारण कराया गया। विधि पाण्डेय द्वारा थाना कार्यालय का निरीक्षण किया गया मालखाना तथा हवालात का निरीक्षण किया थाने परिसर की साफ सफाई देखी गयी। थाने के कर्मचारियों की मीटिंग ली गयी । तत्पश्चात थानेदार को सरकारी वाहन में बतौर थानेदार बैठकर कस्बे में विभिन्न दुर्गा पाण्डोलों का भ्रमण आयोजकों से वार्ता पाण्डालों सुरक्षा मानको को चेक किया गया आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैंक चैकिंग पेट्रोल पम्पों की चैकिंग तथा उनमें लगी सीसीटीवी कैमरों व सारयन की चैकिंग की गयी फुट पेट्रोलिंग की गयी। अपराध के बारे में जानकारी ली गई। पुनः थाने आकर मिशन शक्ति अभियान के तहत तथा उ0प्र0 सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में महिलाओं को जागरूक किया गया तथा प्रेस वार्ता की गयी एवं थाना प्रभारी विजय कुमार दूबे को महिला सम्बन्धी अपराधों में त्वरित कार्यवाही व शोहदो पर प्रभारी अंकुश लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया । पूरी




भाव भंगिमा व थानेदार के रॉव में विधि पाण्डेय को देखा गया । मेहदावल कस्बे में इस आयोजन को लेकर सभी छात्र छात्राएं व अभिभावक उत्साहित हैं तथा मेहदाव पुलिस की इस कार्य प्रणाली की सराहना कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में डी०ए०वी० के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह व अध्यापिका कृति गुप्ता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उ0नि0 सतेन्द्र यादव व हे0का0 नाजिर हुसैन डे0का0 विजय सिंह, का0 सुधाकर तिवारी का० बृजेश सिंह का धर्मेन्द्र यादव का चन्द्रवेद म०का० आकृति सिंह, म0का0 प्रियंका कन्नौजिया आदि कर्मचारियों का योगदान रहा।

# पंडित लोकपति त्रिपाठी स्मृति स्टेट रैंकिंग कैरम टूर्नामेंट का दूसरा और अन्तिम दिन

### पुरुष वर्ग में लखनऊ के मोहम्मद आरिफ और महिला वर्ग में वाराणसी की मन्तसा ईकबाल पंडित लोकपति त्रिपाठी स्मृति स्टेट रैंकिंग कैरम टूनार्मेंट के बने विजेता

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पुरुष वर्ग के और महिला वर्ग की नयी यू0पी0 स्टेट सीनियर कैरम टूनार्मेंट की नम्बर वन`फाइनल में मोहम्मद आरिफ लखनऊ ने प्रयागराज के मोहम्मद ताबिस को दो सीधे सेटों में 21=15,25=5 से हराकर जहां पुरुष वर्ग के बिजेता बने तो वहीं महिला वर्ग में इन्टरनेशनल खिलाड़ी मन्तसा ईकबाल ने अंजली केशरी को 25=14, 521, 25=10 से हराकर महिला वर्ग की चैंपियन बनीं`

फाइनल से पूर्व खेले गये पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मैचों में मोहम्मद ताबिश प्रयागराज ने महताब आलम मऊ को 23=9,22=15 से और मोहम्मद आरिफ लखनऊ ने विश्व नम्बर दो अब्दुल रहमान प्रयागराज को 20=11,15=25,24=2 से पराजित कर जहां फाइनल में शानदार प्रवेश कियानतो वहीं महिला वर्ग में इन्टरनेशनल खिलाड़ी मन्तसा इकबाल ने रितम्भरा को 25=5,25=6 से और अंजली केशरी ने कामना गुप्ता को 8=25,13=11,25 19 से हराकर फाइनल में शानदार प्रवेश किया इससे पूर्व खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में लखनऊ के मोहम्मद आरिफ ने वाराणसी के कृष्ण दयाल यादव को 25=5, 25=8 से , अब्दुल रहमान प्रयागराज ने शिवदयाल यादव वाराणसी को 25=23, 25=04 से , मोहम्मद ताबिस प्रयागराज ने अरशदुल्लाह मुरादाबाद को 21=20, 18=14 से ,मेहताब आलम मऊ ने मोहम्मद शाहिद प्रयागराज को 12=25, 24=14, 25=8 से पराजित करके सेमीफाइनल में शानदार प्रवेश किया`

महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैचों में शीर्षस्थ मन्तसा इकबाल ने हरियाली सिंह को 25=0,25=2 से , अंजली केशरी ने दीपाली यादव को 25=0, 25=8 से, कामना गुप्ता ने रिषिता केशरी को 25=12,



25=16 से, रितम्भरा ने आर्या यादव को 25=0, 25=4 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगंह सुरक्षित करने में सफल रहीं इससे पूर्व देर रात खेले गये पुरुष वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मैचों के में मोहम्मद आरिफ लखनऊ ने अली अब्बास अमरोहा को, कृष्ण दयाल यादव वाराणसी ने मनोज कश्यप झांसी को, अब्दुल रहमान प्रयागराज ने रिजवान चमन कानपुर को, शिवदयाल यादव वाराणसी नें दिनेश चंद्र झांसी को, अरशद उल्लाह मुरादाबाद ने मोहम्मद आमिर उन्नाव को, मोहम्मद ताबिश प्रयागराज ने,उमर तनवीर कानपुर को ,महताब आलम मऊ ने शोएब सैफी अमरोहा को, मोहम्मद शाहिद प्रयागराज ने मोहम्मद तनवीर लखनऊ को हरा करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल हुए थे`

फाइनल मैच की समाप्ति के बाद जीवनदीप शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट तथा इंटरनेशनल कैरम फेडरेशन की नीति समिति के संयोजक डाक्टर अशोक कुमार सिंह ने से लेकर के 8 स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मोमेंटो प्रदान किया जबकि उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के सचिव जहीर अहमद ने उत्तर प्रदेश की कैरम गतिविधियों पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सहायक आयोजन सचिव अश्विनी चक्रवाल ने किया`

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अम्पायर सब कमेटी के चेयरमैन एन0के0 जायसवाल सहित प्रमुख खिलाड़ी और अंपायर श्री प्रसाद, सुमन गिनोडिया, झुनझुन गुप्ता, कमाल फैजी, शकील अहमद, अनवर कमाल, व्योम प्रकाश मानव, मोहम्मद अजमल, कामना गुप्ता, सोनम गुप्ता , गौरव गुप्ता, कलिमुर्हमान, विनोद कुमार यादव , नूरैन खान ,हरियाली सिंह, मोहम्मद शाहिद, अंजली गुप्ता, हर्षित केशरी, प्रियान्शू यादव, कुणाल गोस्वामी, अंशिका सिंह, आंचल यादव,शिवदयाल, वैशाली वर्मा, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोहम्मदाबाद की प्रियंका राय बनी हाई स्कूल में अध्यापिका, शुभचिंतकों में हर्ष



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षक भर्ती परीक्षा पास कर प्रियंका राय का चयन हाई स्कूल में हिन्दी अध्यापिका के पद पर होने से परिवार सहित शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। बिहार लोक सेवा आयोग ने रविवार को अपना रिजल्ट जारी किया। जिसमें हिंदी विषय के 5486 सीटों में प्रियंका राय का 591 स्थान प्राप्त होने पर उन्हें बक्सर जिला मिला है। प्रियंका राय मुहम्मदाबाद के प्रभात नगर कॉलोनी निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रितेश राय की धर्मपत्नी है। उन्होंने बताया कि प्रियंका शुरू से ही अपने लक्ष्य के प्रति मेधावी एवं कर्मठ रही हैं इससे पूर्व वह बिहार के गया जनपद में बातौर जूनियर हाई स्कूल अध्यापिका के पद पर कार्यरत रही हैं। इसके बावजूद भी वह लगातार प्रतियोगी परीक्षाएं देती रही। प्रियंका ने अपने इस सफलता का श्रेय परिवार सहित गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को दी है। उनके इस सफलता पर समाजसेविका मीरा राय , पूर्व विधायक पशुपतिनाथ राय, भाजपा नेता वीरेंद्र राय, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद राय सहकारिता नेता आनंद कुमार त्रिपाठी, समाजसेवी श्री राम राय कमलेश, गोपाल यादव , अवनीश राय रिशु , सेंट्रल बार एसोसिएशन मोहम्मदाबाद के अध्यक्ष अनिल कुमार राय सोनू , पूर्व अध्यक्ष दयाशंकर दुबे, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता अख्तर याजदानी अब्बासी , वरिष्ठ कांग्रेस नेता अब्दुल मन्नान अंसारी, आनंद राय साकृत, डॉक्टर जनक कुशवाहा आदि लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

### कन्या पूजन व प्रसाद वितरण सम्पन्न

प्रखर पूर्वांचल सहजनवां। पाली क्षेत्र गांवों में दुर्गा पूजा महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया और र विभिन्न स्थानों पर कन्या पूजन प्रसाद वितरण व कन्याओं को भोजन कराएं गये क्षेत्र के नेवास गांव में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में ब्लाक प्रमुख शशिप्रताप सिंह ने दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए विद्वान पुरोहित से विधिवत पूजन कराया गया। नगर पंचायत घघसरा में हनुमंत नगर में हनुमान जी के मंदिर पर हवन पूजन रमेश चंद्र मद्धेशिया के अगुवाई में कराया गया। तिलोरा गांव में अशोक यादव ने सुनील दुबे ने काली मां स्थान पर दुर्गा मंदिर पर पूजन किया।

### क्षेत्रीय मीडिया प्रमुख सतीश वर्मा की मां चमेली देवी ने फीता काटकर किया नाव्या कलेक्शन एंड बुटीक का उद्घाटन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रामकटोरा क्षेत्र में नाव्या कलेक्शन एंड बुटीक का भव्य शुभारंभ भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मीडिया प्रमुख सतीश वर्मा की माताजी श्रीमती चमेली देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व पार्षद विकास चौधरी, अजीत विश्वकर्मा, खुशबू मौर्य, दीपमाला शर्मा, आशीष वर्मा, सुरेश तिवारी, संजय विश्वकर्मा, अमित वर्मा, सानू जायसवाल , हर्ष विश्वकर्मा, जानू विश्वकर्मा, रिंकू वर्मा समेत क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे मीडिया से वार्ता करते हुए नाव्या कलेक्शन एंड बुटीक के निदेशक सतीश वर्मा ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए 500 से लेकर 5000 रुपया तक के सूट एवं 500 से लेकर 5000 रुपया तक की प्योर बनारसी एवं सिल्क की साड़ियां उपलब्ध है काशी की गणमान्य जनता से अपील है एक बार हमारे प्रतिष्ठान में आकर सेवा का अवसर दें।

### शक्तिधाम आश्रम पूजा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन, किया गया पूजन अर्चन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संपूर्ण विश्व में भारतीय सनातन संस्कृति एवं धर्म के प्रचार प्रसार में संलग्न जगतगुरु साईं माँ लक्ष्मी देवी मिश्रा के काशी स्थित शक्तिधाम आश्रम पूजा समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन हरिशचंद्र घाट रोड स्थित शक्तिधाम आश्रम में किया गया` शक्तिधाम आश्रम में महा अष्टमी रविवार की सायं आयोजित समारोह में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य के वेंकटरमण घनपाठी, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तिलक राज, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शैलेश वर्मा ने उपस्थित होकर माता का पूजन अर्चन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया` इस अवसर पर शक्ति धाम आश्रम के प्रबंधक मनीष गुप्ता ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया` कार्यक्रम का संचालन चक्रवर्ती विजय नावड ने किया` कार्यक्रम में आश्रम के स्वामी परमेश्वरानंद जी महाराज, महंत अनंतदास, महाराज, डेविड ओग्रेडी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे इस अवसर पर सभी भक्तों के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया।

### इजराइली नागरिकों के नरसंघार के विरोध में काशी के नागरिकों ने किया दीपदान




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। इजराइल में बुजुर्गों महिलाओं एवं छोटे - छोटे बच्चों की आतंकवादियों द्वारा किये गये निशंश हत्या एवं अपहरण का काशी के नागरिकगण पुरजोर विरोध कर रहें हैं विदित हो की उन्हीं आतंकवादियों को साथ साठगाँठ करने वाले कुछ आतंकवादी अपने देश में उनका खुल कर समर्थन कर रहे है यह भारत की संप्रभुता एवं अखंड भारत को गाजा और मुस्लिम रास्ट्र बनाने की गहरी चाल है इजराइली नागरिकों के नरसंघार के विरोध में सिगरा शहीद पार्क स्तिथ गेट के पास काशी के नागरिकों द्वारा दीपदान किया गया। उस दीपदान कार्यक्रम का नेतृत्व राजेंद्र गुप्ता एवं अतींद्र चतुवेर्दी, प्रणय पांडेय एवं तारा प्रशाद ,राहुल केशरी, संतोष चौरासिया, अशोक तिवारी, एडवोकेट अनूप सिन्हा, गोपाल वर्मा , अरविंद सिंह ,अम्बे सिंह, अनुपम सिंह, अनुराग सोनकर एवं हर्ष जेटली, हर्ष गुप्ता,अंशुमान ,नंदन ,धीरज गुप्ता ,अमन शोभानी आदि लोगों के उपस्थिति में दीपदान का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# लेबनान से इजराइली टैंक पर दागी गई मिसाइल: इजराइल



दक्षिणी लेबनान के बेरूत रब एल थालाथिन में इजरायली हवाई हमलों से क्षतिग्रस्त हुए एक घर की जांच करता व्यक्ति।

**यरूशलम।** लेबनान के लड़ाकों के एक समूह ने रविवार को हर डोव क्षेत्र में एक इजराइली टैंक के खिलाफ मिसाइल दागी, जिसके बाद इजरायली सेना ने जवाबी कार्रवाई में गोलीबारी की। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, एक आतंकवादी सेल ने हर डोव के क्षेत्र में एक आईडीएफ टैंक पर एक एंटी-टैंक मिसाइल दागी थी। जवाब में, टैंक ने सेल की ओर गोलीबारी की। आईडीएफ के किसी घायल होने की सूचना नहीं है और कोई क्षति नहीं हुई है। आईडीएफ ने यह भी कहा कि मिसाइल दागने का प्रयास कर रहे लड़ाकू विमानों के एक अन्य समूह पर इजरायली विमान ने हमला किया था। इजरायली सेना ने कहा कि थोड़ी देर पहले, आईडीएफ सैनिकों ने एक आतंकवादी सेल की पहचान की जो ज़ारिट के क्षेत्र की ओर एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्च करने का प्रयास कर रहा था। हमले को अंजाम देने में सक्षम होने से पहले एक आईडीएफ विमान ने सेल पर हमला किया।

## गाजा पर हमले में 4,651 से अधिक मौतें

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इजराइली हवाई हमलों में मृतक फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 4,651 हो गई है। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तटीय इलाके में 14,245 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। इसमें बताया गया कि पीड़ितों में 1,873 बच्चे और 1,023 महिलाएं है। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने एक प्रेस बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 266 फिलिस्तीनी मारे गए।

### इजराइल ने जेनिन में अल अंसार मस्जिद पर किया हमला

इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्ट बैंक के जेनिन में अल-अंसार मस्जिद के एक भूमिगत परिसर पर हवाई हमला किया। आईडीएफ कहा कि इस साइट का इस्तेमाल हमास और इस्लामिक जिहाद आंदोलनों के सदस्यों द्वारा किया जाता था। आईडीएफ ने कहा कि आईडीएफ और आईएसए (इजरायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी) ने इस हमले को अंजाम दिया। आईडीएफ ने जेनिन में अल-अंसार मस्जिद में एक भूमिगत आतंकी परिसर पर हवाई हमला किया। मस्जिद में हमास और इस्लामिक जिहाद के गुर्गों के रहते थे और इसका इस्तेमाल आतंकवादी हमलों के लिए करते थे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि मस्जिद का उपयोग आतंकवादियों द्वारा हमलों की योजना बनाने और उसको अंजाम देने के लिए एक कमांड सेंटर के रूप में किया जाता था।

## गाजा पट्टी में किए गए हमले में 55 लोगों की मौत

**गाजा।** इजराइल की ओर गाजा पट्टी में किए गए हवाई हमलों में 55 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि इजरायल की ओर से रात भर किए गए हमलों में 55 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए। उल्लेखनीय है कि हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल में सात अक्टूबर को बड़े पैमाने पर रॉकेट दागे थे। इसके बाद इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के कारण दोनों देशों के हजारों लोग मारे गए हैं और हजारों लोग घायल हुए हुए हैं।

# कांग्रेस ने राजस्थान में 15 मंत्रियों समेत 43 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी की

## धारीवाल, जोशी का दूसरी लिस्ट में भी नाम नहीं, 15 मंत्रियों और 5 बागी निर्दलीयों को भी टिकट

**नई दिल्ली ■** कांग्रेस ने राजस्थान में 43 प्रत्याशियों की दूसरी और छत्तीसगढ़ में 7 प्रत्याशियों की आखिरी लिस्ट जारी कर दी है। राजस्थान की सूची में 15 मंत्रियों समेत पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य को मैदान में उतारा गया है। वहीं, छत्तीसगढ़ में अब सभी 90 सीटों पर कांग्रेस ने नाम घोषित कर दिए गए हैं। आखिरी लिस्ट में 4 विधायकों का टिकट कट गया है। राजस्थान की दूसरी लिस्ट में 15 मंत्रियों को टिकट दिया गया है।

### कांग्रेस ने 20 मंत्रियों को टिकट दिए

खाजूवाला से गोविंद मेघवाल, बीकानेर पश्चिम से बीडी कल्ला, झुंझुनूं से बृजेंद्र सिंह ओला, कोटपूतली से राजेंद्र यादव, सिविल लाइंस से प्रताप सिंह खाचरियावास, बानसूर से शकुंतला रावत, डीग कुम्हेर से विश्वेंद्र सिंह, वैर से भजनलाल जाटव, दौसा से मुरारीलाल मीणा, लालसोट से परसादी लाल मीणा, सांचौर से सुखराम बिश्नोई, बांसवाड़ा से अर्जुन बामणिया, निंबाहेड़ा से उदयलाल आंजना, मांडल से रामलाल जाट और अंता से प्रमोद जैन भाया को टिकट मिला है। कांग्रेस ने दो सूचियों में अब तक 20 मंत्रियों को टिकट दिए हैं।

### निर्दलीय जीतने वालों को भी टिकट

साल 2018 के चुनावों में कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय जीतने वालों को इस बार टिकट दिए गए हैं। सिरोही से संयम लोढ़ा, दूदू से बाबूलाल नागर, बस्सी से लक्ष्मण मीणा, महुवा से ओमप्रकाश हुड़ला, मारवाड़ जंक्शन से खुशवीर सिंह जोजावर को टिकट दिया गया है। हालांकि अभी तक मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी को टिकट नहीं मिला है।

### 43 में केवल दो नए चेहरे

कांग्रेस उम्मीदवारों की 43 की लिस्ट में केवल दो नए चेहरे हैं, बाकी सभी या तो मौजूदा विधायक हैं या पिछली बार के बागी या हारे हुए उम्मीदवार हैं। सोजत से पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य और नोखा से रामेश्वर डूडी की पत्नी सुशीला डूडी नए चेहरे हैं।

## तेलंगाना में भाजपा ने चार में से तीन सांसदों को दिए विधानसभा के टिकट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों द्वारा अपने उम्मीदवारों की घोषणा का सिलसिला शुरु होने के साथ ही चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी है लेकिन प्रदेश में मुख्य विपक्ष की भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों की घोषित दूसरी सूची में भी कई प्रत्याशियों को कड़ा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा की शनिवार को 83 उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद चित्तौड़गढ़ से मौजूदा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का टिकट काटकर उनकी जगह जयपुर के विद्याधर नगर से विधायक नरपत सिंह राजवी को दिए जाने का श्री आक्या के समर्थकों ने विरोध करना शुरु कर दिया और हजारों की संख्या में श्री आक्या के समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ता जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन किया।

## गाजा पट्टी से 100 नागरिकों को निकालने की योजना

**पेरिस।** फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी-इजराइल संघर्ष में हो रही लगातार वृद्धि की पृष्ठभूमि में फ्रांस गाजा पट्टी में रहने वाले अपने 100 से ज्यादा नागरिकों को निकालने की योजना बना रहा है। सुश्री कोलोना ने एक साक्षात्कार में कहा कि हम गाजा पट्टी में रहने वाले फ्रांसीसी परिवारों के साथ संपर्क में हैं। लगभग 100 फ्रांसीसी नागरिक और उनका परिवार वहां पर हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि वे इस बमबारी वाले खतरनाक क्षेत्र से दूर जा सकें। हम उन्हें वहां से निकालने में मदद करने के लिए तत्पर हैं। गाजा पट्टी के लिए मानवीय गलियारा खोलने के लिए एक संघर्ष विराम समझौता आवश्यक है और इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार होने के बावजूद नागरिकों की सुरक्षा सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने के लिए बाध्य है।

## आरक्षण की घोषणा 24 तक नहीं तो फिर भूख हड़ताल

**जालना, (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारंगे-पाटिल ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर महाराष्ट्र सरकार 24 अक्टूबर तक मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की घोषणा नही करती है तो 25 अक्टूबर से वह अपनी भूख हड़ताल फिर से शुरू करेंगे। जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में संबोधित करते हुए श्री पाटिल ने कहा कि उनके भूख हड़ताल के अलावा प्रत्येक गांव में श्रृंखलाबद्ध भूख हड़ताल शुरू होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पहले ही 40 दिन का समय दिया गया था जो 24 अक्टूबर को समाप्त होने वाला है।उन्होंने चेतावनी दिया कि जब तक मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की घोषणा नहीं होती तब तक किसी भी राजनीतिक नेता को उनके गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## आज का इतिहास

- 1707: ग्रेट ब्रिटेन साम्राज्य की संसद की पहली बार लंदन में बैठक हुई।
- 1760: उत्तर अमेरिका में यहूदी प्रार्थना की पहली किताब मुद्रित हुई।
- 1764: मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ।
- 1814: विश्व की पहली प्लास्टिक सर्जरी इंग्लैंड में की गयी।
- 1850: महिलाओं के अधिकारों को लेकर अमेरिका में पहली बार राष्ट्रीय महिला अधिकार सम्मेलन शुरू हुआ।
- 1910: बीएस स्कॉट अमेरिका में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं।
- 1934: महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता पद से इस्तीफा दिया।
- 1940: फुटबाल के जादूगर कहे जाने वाले पेले का जन्म। उनका पूरा नाम एडसन अरांतस डो नासिमेंतो है।
- 1941: जर्मन सरकार ने यहूदियों के उत्प्रवास पर प्रतिबंध लगाया।

# कांग्रेस अध्यक्ष बोले, केंद्र कर रहा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग

## खड़गे ने पीएम को चिट्ठी लिखी, बोले- सरकारी अफसरों और सैनिकों को प्रचार में लगाना ठीक नहीं




**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 22 अक्टूबर को पीएम मोदी को लेटर लिखकर केंद्र सरकार पर देश की सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। खड़गे ने दो पेज की चिट्ठी में लिखा- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अलावा आयकर विभाग और सीबीआई पहले से ही भाजपा के चुनाव विभाग के रूप में काम कर रहे हैं, लेकिन सरकार के 18 अक्टूबर वाले आदेश ने पूरी सरकारी मशीनरी को ऐसे काम पर लगा दिया है, जैसे कि वे सत्तारूढ़ दल के एजेंट हों।

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जरूरी है कि नौकरशाही और सशस्त्र बलों का राजनीतिकरण ना किया जाए। खड़गे ने अपने पत्र में सरकार की ओर से 18 अक्टूबर को जारी एक लेटर का जिक्र किया, जो संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव जैसे उच्च रैंक के सीनियर अधिकारियों को भारत के 765 जिलों में तैनात करने से जुड़ा है। खड़गे ने लिखा- इन्हें सरकार की बीते 9 सालों की उपलब्धियों को प्रमोट करने के लिए रथ प्रभारी के रूप में तैनात किया जाएगा। यह कई कारणों से चिंता का विषय है। यह केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 का उल्लंघन है। जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि कोई सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होगा।

### 6 महीने देश का कामकाज ठप हो जाएगा

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी अधिकारियों के लिए उपलब्धियों का प्रदर्शन करने के लिए सूचना प्रसारित करना स्वीकार्य है, लेकिन यह उन्हें सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं में बदल देता है। अधिकारियों सरकार के पिछले 9 सालों के काम का प्रचार करने के लिए तैनात किया जा रहा है। इसका असर पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है। अगर विभागों के सीनियर अधिकारियों को सरकार की मार्केटिंग गतिविधि के लिए तैनात किया जा रहा है, तो अगले 6 महीने के लिए देश का कामकाज ठप हो जाएगा। सरकारी अफसरों को दुरुपयोग हो रहा है जो पहली बार नहीं देखा गया है।

## महाष्टमी पर कुमारी पूजन



नई दिल्ली में दुर्गा पूजा महोत्सव के आठवें दिन महाअष्टमी पर रविवार को रामकृष्ण मिशन के पुजारी ने कुमारी पूजा के दौरान कन्या की पूजा की।

## आज़म के बेटे अब्दुल्ला हरदोई जेल में शिफ्ट

**हरदोई, (ब्यूरो)।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान को रविवार सुबह रामपुर जिला कारागार से लाकर हरदोई जिला कारागार में शिफ्ट किया गया। सपा नेता आजम खान को सीतापुर जेल भेजा तो वहीं उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को हरदोई जिला कारागार में लाया गया है जबकि उनकी पत्नी डॉक्टर तंजीम फातिमा को रामपुर जिला जेल में ही रोका गया है।

# जयशंकर बोले- भारत-कनाडा के रिश्ते मुश्किल दौर में



**वीजा को लेकर लोगों को समस्या**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और कनाडा के रिश्ते मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। हम वीजा सर्विस शुरू करेंगे, लेकिन हमारी प्राथमिकता डिप्लोमैट्स की सुरक्षा है। जयशंकर ने रविवार 22 अक्टूबर को कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव-2023 के समापन समारोह में ये बातें कहीं। इस दौरान जयशंकर ने भारत-कनाडा के बीच चल रहे तनाव और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रही जंग के बारे में भी चर्चा की। दरअसल, कनाडा ने भारत सरकार पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करवाने का आरोप लगाया था। इसके बाद भारत ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने पर रोक लगा दी।


### वीजा सर्विस शुरू करेंगे, लेकिन डिप्लोमैट्स की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-कनाडा के रिश्ते अभी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। हमारी समस्या कनाडा की राजनीति के कुछ हिस्सों से हैं। अभी लोगों की सबसे बड़ी चिंता वीजा को लेकर है। कुछ हफ्ते पहले हमने कनाडा में वीजा जारी करना बंद कर दिया था, क्योंकि हमारे राजनयिकों के लिए वीजा जारी करने के लिए काम पर जाना सेफ नहीं था। अगर हमें कनाडा में अपने डिप्लोमैट्स के सुरक्षा की संभावना दिखेगी तो हम वहां फिर से वीजा जारी करना शुरू कर देंगे।

### दुनियाभर में चल रहे संघर्ष से अस्थिरता बनी हुई है

दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे संघर्ष की वजह से एक अस्थिरता बनी हुई है। हम रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ये अनुभव कर चुके हैं। युद्ध का प्रभाव अभी मिडिल ईस्ट में क्या हो रहा है? यह अभी भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में छोटी-छोटी घटनाएं हो रही हैं, उनका प्रभाव तो पड़ता ही है।

## फिलीपींस पर दक्षिण चीन सागर में अतिक्रमण करने का आरोप




**बीजिंग, (एजेंसी)।** दक्षिण चीन सागर में विवादित नान्शा द्वीप समूह, (स्प्रैटली द्वीप) के जल क्षेत्र में फिलीपीन के चार जहाज रविवार को 'चीनी अधिकारियों की अनुमति के बिना' घुस गए, जिसके कारण एक चीनी जहाज से उनकी टक्कर हो गई।

चीन तट रक्षक (सीसीजी) ने यह जानकारी दी। सीसीजी ने एक बयान में कहा कि रविवार को, फिलीपींस ने चीन द्वारा बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए, चीनी नानशा द्वीप समूह के रेनाई रीफ के पास पानी में अनधिकृत आक्रमण के लिए दो परिवहन जहाज और दो तट रक्षक जहाज भेजे। फिलीपीनी जहाज 'असुरक्षित रूप से' एक चीनी जहाज के पास पहुंचे, जिसके परिणामस्वरूप हल्की टक्कर हुई। सीसीजी ने कहा, घटना की जिम्मेदारी पूर्णतः फिलीपींस की है। सीसीजी ने कहा कि वह 'कानून के अनुसार चीन के अधिकार क्षेत्र के तहत' जल क्षेत्र में कानून प्रवर्तन गतिविधियों को जारी रखेगा।

## सेना ने उरी में एलओसी पर घुसपैठ नाकाम की

**श्रीनगर।** सेना ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी रक्षा अधिकारियों ने दी। बाकी आतंकवादी मृत आतंकवादियों के शवों के साथ नियंत्रण रेखा के पार दुश्मन की ओर चले गए। एक अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दो एके सीरीज राइफलें, छह पिस्तौल और चार चीनी ग्रेनेड बरामद किए। हालांकि, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण, तलाशी अभियान अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

**2 आतंकी मारे गए**

## नेपाल में एक दिन में आए पांच बार भूकंप, दरक गई जमीन, 20 घर हुए ध्वस्त



**सबसे तेज 6.1 और सबसे कम 4.1 रही तीव्रता, दिल्ली-बिहार में भी महसूस किए गए झटके**

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार शाम को 5.18 बजे पांचवीं बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, उसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। इससे पहले, नेपाल के धाडिंग में सुबह 7.39 बजे 6.1 तीव्रता का तेज भूकंप आया था।

उसके बाद 29 मिनट के अंदर चार झटके महसूस किए गए। भूकंप केंद्र के अनुसार, सुबह 8.08 बजे 4.3 तीव्रता का झटका आया, इसके बाद 8.28 बजे 4.3 तीव्रता और 8.59 बजे 4.1 तीव्रता का झटका लगा। 20 मकान ध्वस्त हो गए। दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर का किश्तवाड़, बिहार के पटना, बगहा, छपरा, सीवान और गोपालगंज में भूकंप को ज्यादा महसूस किया गया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि अभी किसी भी मौत की कोई रिपोर्ट नहीं है।

**फिल्मीतड़का**

## मैं तुम और हमारी शादी का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** आदिशक्ति इंटरटेनमेंट प्रस्तुत और अजय श्रीवास्तव प्रोडक्शन कृत फिल्म मैं तुम और हमारी शादी का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज हो गया है। मैं तुम और हमारी शादी पारिवारिक और सामाजिक फिल्म है। इस फिल्म के निर्माता- निर्देशक अजय श्रीवास्तव है, जिन्होंने बताया कि यह फिल्म बेहद खास होने वाली है। इसमें एक दिल छू लेने वाली कहानी दर्शकों के सामने होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक को देखकर भी अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फ्रेश पटकथा पर आधारित इस फिल्म में एंटरटेनमेंट के हर पहलू मौजूद है, जो दर्शकों को पैसा वसूल इंटरटेनमेंट देंगे। फिल्म बेहद भव्य होने वाली है। इसलिए हम सिनेप्रेमियों से ही आग्रह करेंगे कि जब भी फिल्म रिलीज हो आप इसे अपने दोस्तों के साथ जाकर सिनेमाघरों में देखें।

## रामायण के लिए 150 करोड़ फीस लेंगे कन्नड़ अभिनेता यश

**मुंबई।** कन्नड़ सुपरस्टार यश को केजीएफ फ्रेंचाइजी से वर्ल्ड वाइड फेम मिला है। इन दिनों वो बॉलीवुड में एंट्री की तैयारी कर रहे हैं। एक्टर ने डायरेक्टर नितेश तिवारी के एम्बीशियस प्रोजेक्ट 'रामायण' को साइन किया है। सुनने में आया है कि इसके लिए यश मेकर्स से बतौर फीस 150 करोड़ रुपए ले रहे हैं। सूत्रों की मानें तो फिल्म के लिए नितेश तिवारी ने रणबीर कपूर को राम, साई पल्लवी को सीता और यश को रावण के रोल के लिए कास्ट किया है। फिल्म अगले साल फरवरी तक फ्लोर पर जा सकती है। फिल्म से जुड़े सूत्रों की मानें तो एक्टर ने इस प्रोजेक्ट को खुद बॉलीवुड में एंट्री के तौर पर चुना है। वो इस फिल्म के लिए 100 से 150 करोड़ रुपए के बीच चार्ज कर रहे हैं। इसके लिए 100 करोड़ मिनिमम फीस होगी बाकी उनके शूटिंग डेज के नंबर बढ़ने पर डिपेंड करता है। शूटिंग डेज बढ़ने पर फीस बढ़ सकती है।



*फरवरी 2024 में शुरू होगी शूटिंग, फिजीक पर काम कर रहे एक्टर*

## औरंगाबाद की फैक्टरी से 500 करोड़ की ड्रग्स जब्त



**क्राइम ब्रांच की छापेमारी**

**अहमदाबाद।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में एक फैक्टरी से रविवार को 500 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच और डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की छापेमारी में फैक्ट्री से कोकीन, केटामाइन और एमडी ड्रग्स जब्त की गई।

सूत्रों के मुताबिक, अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को इस बात की जानकारी मिली थी कि औरंगाबाद की इस फैक्टरी में केमिकल की आड़ में ड्रग्स तैयार किया जा रहा था। ड्रग्स की सप्लाई कहां-कहां की जा रही थी, इसकी जांच की जा रही है। औरंगाबाद की इस फैक्ट्री से 200 करोड़ की तैयार ड्रग्स के अलावा 300 करोड़ रुपए की कीमत का कच्चा माल भी जब्त किया है। इस कच्चे माल से अगले कुछ दिनों में 300 करोड़ रुपए की ड्रग्स तैयार करने की तैयारी थी।

फिलहाल इसकी पूरी कड़ियां जोड़ने की कोशिश की जा रही है। इसी के चलते इस मामले में पकड़े गए आरोपियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार, शाम तक टीम इस मामले की पूरी जानकारी मीडिया के दे सकती है।

# कीवी भी नहीं रोक पाए टीम इंडिया का विजय रथ, न्यूजीलैंड को रौंदकर भारत बना टेबल टॉपर

## वनडे वर्ल्डकप: भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया, शमी का पंजा, कोहली शतक से चूके




**धर्मशाला, (एजेंसी)।** भारत ने मोहम्मद शमी के पांच विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी और फिर विराट कोहली के 95 रनों की बदौलत आईसीसी वर्ल्डकप 2023 के 21वें मुकाबले में रविवार को न्यूजीलैंड पर चार विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। विश्वकप भारत लगातार पांचवी जीत दर्ज कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा गया हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 273 रन पर ऑलआउट हुई। जबाव में भारत ने 12 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल 130 रन और रचिन रवींद्र के 75 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत को 273 रन का स्कोर खड़ा किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों डेवन कॉन्वे शून्य और विल यंग 17 रन को नौवें ओवर में खो दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डेरिल मिचेल और रचिन रवींद्र ने संभल कर खेलते हुए तीसरे विकेट लिए रिकार्ड 159 रनों की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को संभाला। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल, रवींद्र और फिलिप्स के अलावा सिर्फ विल यंग (17 रन) ही दहाई का आंकड़ा छू सके। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने पांच और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को एक-एक विकेट मिला। 274 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहित शर्मा और शुभमन गिल की भारतीय टीम की सलामी जोड़ी पहले विकेट लिए 71 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर की पहली गेंद पर भारत का पहला विकेट रोहित शर्मा 26 रन के रूप में गिरा। उन्हें फर्ग्यूसन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर फर्ग्युसन ने शुभमन गिल 26 रन और 22वें ओवर की तीसरी गेंद पर बोल्ट ने श्रेयस अय्यर 33 रन और सेंटनर ने के एल राहुल को 27 रन पर आउट कर भारत को मुशिकल में डाल दिया। पांचवें विकेट के रूप में सूर्यकुमार यादव दो रन पर रन आउट हुए।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कै. श्रेयस बो. सिराज | 00 | 09 | 0/0 |
| विल यंग बो. शमी | 17 | 27 | 3/0 |
| रचिन रविंद्र कै. गिल बो. शमी | 75 | 87 | 6/1 |
| डैरिल मिचेल कै. कोहली बो. शमी | 130 | 127 | 9/5 |
| टॉम लेथम पगबाधा कुलदीप | 05 | 07 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स कै. रोहित बो. कुलदीप | 23 | 26 | 0/1 |
| मार्क चैपमैन कै. कोहली बो. बुमराह | 06 | 08 | 0/0 |
| मिचेल सैंटनर बो. शमी | 01 | 02 | 0/0 |
| मैट हेनरी बो. शमी | 00 | 01 | 0/0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 01 | 05 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 15, **कुलः** 50 ओवर में पांच विकेट पर 273 रन, **विकेट पतनः** 1-9, 2-19, 3-178, 4-205, 5-243, 6-257, 7-260, 8-260, 9-273, 10-273 **गेंदबाजीः** जसप्रीत बुमराह 10-1-45-1, मोहम्मद सिराज 10-1-45-1, मोहम्मद शमी 10-0-54-5, रवींद्र जडेजा 10-0-48-0, कुलदीप यादव 10-0-73-2 .

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो. फर्ग्यूसन | 46 | 40 | 4/4 |
| शुभमन गिल कै. मिचेल बो. फर्ग्यूसन | 26 | 31 | 5/0 |
| विराट कोहली कै. फिलिप्स बो. हेनरी | 95 | 104 | 8/2 |
| श्रेयस अय्यर कै. कॉन्वे बो. बोल्ट | 33 | 29 | 6/0 |
| केएल राहुल पगबाधा सैंटनर | 27 | 35 | 3/0 |
| सूर्यकुमार यादव रन आउट | 02 | 04 | 0/0 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 39 | 44 | 3/1 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 05, **कुलः** 48 ओवर में छह विकेट पर 274 रन, **विकेट पतनः** 1-71, 2-76, 3-128, 4-182, 5-191, 6-269 **गेंदबाजीः** ट्रेंट बोल्ट 10-0-60-1, मैट हेनरी 9-0-55-1, मिचेल सैंटनर 10-0-37-1, लॉकी फर्ग्यूसन 8-0-63-2, रचिन रविंद्र 9-0-46-0, ग्लेन फिलिप्स 2-0-12-0 .




## वनडे वर्ल्डकप में दो बार पांच विकेट हॉल लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने मोहम्मद शमी

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भारत की तरफ से वनडे वर्ल्डकप में दो बार पांच विकेट हॉल लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। शमी ने कपिल देव, आशीष नेहरा, युवराज सिंह जैसे दिग्गजों का पछाड़कर यह उपलब्धि अपने नाम की। मो. शमी ने अपने स्पैल में 10 ओवर में 54 रन देकर 5 विकेट चटकाए। वनडे वर्ल्ड कप में यह उनका अब तक का बेस्ट स्पैल भी रहा। इससे पहले शमी ने वर्ल्डकप 2019 में भी इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन देकर 5 विकेट लिए थे। मोहम्मद शमी भारत में वनडे में दो बार पांच विकेट हॉल लेने वाले खास क्लब में भी शामिल हो गए हैं। शमी से पहले हरभजन सिंह, मनोज प्रभाकर, सचिन तेंदुलकर, क्रिस श्रीकांत, जवागल श्रीनाथ, आकिब जावेद ने भारत में वनडे क्रिकेट में दो बार पांच विकेट हॉल लिए हैं।

### फिर चला कोहली का विराट मैजिक

एक समय भारतीय टीम ने 191 रनों पर 5 विकेट गंवा दिए थे। एक तरफ लगातार विकेट गिर रहे थे, तो दूसरी ओर विराट कोहली ने मोर्चा संभाले रखा था। कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ 52, केएल राहुल के साथ 54 और फिर रवींद्र जडेजा के साथ 78 रन की अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। भारत का छठा विकेट विराट कोहली 95 रन के रूप में गिरा। उन्हें 48वें ओवर की चौथी गेंद पर हेनरी ने फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराया। तब भारत जीत के बहुत करीब पहुंच चुका था। रवींद्र जडेजा ने 48 ओवर की आखिरी गेंद पर चौका मारकर भारत को जीत दिलाई। रवींद्र जडेजा ने 39 और केएल राहुल ने 33 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिए। वहीं मिशेल सेंटनर, मैट हेनरी और ट्रेंट बोल्ट को एक-एक विकेट मिला।

## सचिन तेंदुलकर के क्लब में शामिल हुए शुभमन गिल



**2000 सबसे तेज वनडे रन**

| पारी | खिलाड़ी |
|---|---|
| 38 | शुभमन गिल |
| 40 | हाशिम अमला |
| 45 | जहीर अब्बास |
| 45 | केविन पीटरसन |
| 45 | बाबर आजम |
| 45 | रासी वेन डेर |

शुभमन गिल भारत की ओर से सबसे कम उम्र में 2000 रन बनाने वाले 5वें बल्लेबाज बन गए। भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर ने 20 साल 354 दिन की आयु में वनडे क्रिकेट में 2000 का आंकड़ा छू लिया था। दूसरे नंबर पर युवराज सिंह है जिन्हें 2000 वनडे रन बनाने के लिए 22 साल 51 दिन लगे थे।

## वर्ल्डकप काउंटर

**बाउंड्री मीटर**

छक्के 266

चौके 996

### सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | भारत | 354 |
| रोहित शर्मा | भारत | 311 |
| मो. रिजवान | पाक | 294 |

### सर्वाधिक विकेट

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| मिचेल सैंटनर | न्यूजीलैंड | 12 |
| जसप्रीत बुमराह | भारत | 11 |
| दिलशान मदुशंका | श्रीलंका | 11 |

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 5 | 5 | 0 | 10 | 1.353 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.481 |
| द.अफ्रीका | 4 | 3 | 1 | 6 | 2.212 |
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.193 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.456 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.784 |
| नीदरलैंड्स | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.790 |
| श्रीलंका | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.048 |
| इंग्लैंड | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.248 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.250 |

**■ मोहम्मद शमी**
प्लेयर ऑफ द मैच

इतने लंबे समय बाद टीम में वापसी करने पर आपको आत्मविश्वास हासिल करने की जरूरत होती है और इस मैच ने मेरे लिए वही किया है। अगर टीम अच्छा कर रही हो तो बाहर बैठना मुश्किल काम नहीं है। अगर आपके साथी अच्छा कर रहे हैं तो आपको उनका समर्थन करना चाहिए। टीम के हित में कुछ भी करने को तैयार हूं।

**■ टॉम लॉथम**
कीवी कप्तान

टूर्नामेंट की शुरुआत अच्छी हुई है, लेकिन काम अधूरा ही है। शमी के पास क्लास और अनुभव है और उन्होंने इस मौके को दोनों हाथ से लपका है। एक समय न्यूजीलैंड ने काफी बड़ी साझेदारी खड़ी की थी, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने बेहतरीन वापसी कराई। शुभमन और मैं एक-दूसरे की मदद करते हैं और भले ही हम बड़ा स्कोर नहीं बना सके, लेकिन जीत से खुश हैं।

## आईसीसी इवेंट में भारत ने दो दशकों का सूखा किया खत्म

आईसीसी इवेंट में भारत ने 20 साल न्यूजीलैंड को हराया। इससे पहले भारत ने मार्च 2003 में न्यूजीलैंड को हराया था। इसके बाद टी-20 वर्ल्डकप (2007, 2016, 2021), वनडे वर्ल्डकप 2019 सेमीफाइनल और 2021 टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

## धर्मशाला स्टेडियम में सबसे बड़ा टारगेट किया चेज

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने 274 रनों का लक्ष्य हासिल किया। भारतीय टीम ने धर्मशाला स्टेडियम में यह सबसे बड़ा टारगेट चेज कर इतिहास रचा है। इससे पहले धर्मशाला में 227 रनों का सबसे बड़ा टारगेट चेज हुआ था। जनवरी 2013 में खेले गए उस मैच में भारतीय टीम के खिलाफ इंग्लैंड ने 47.2 ओवर में 3 विकेट गंवाकर यह टारगेट चेज करते हुए मैच जीता था।

## धर्मशाला की खराब आउटफील्ड पर चोटिल होते-होते बचे भारतीय खिलाड़ी, धुंध की वजह से रोकना पड़ा खेल

भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान सिर्फ खराब आउटफील्ड की वजह से ही खिलाड़ियों को परेशान नहीं हुई बल्कि मौसम के कारण भी खिलाड़ी परेशान दिखे थे। भारतीय पारी के 16वें ओवर में खेल को धुंध के कारण रोक दिया गया था। भारत का उस वक्त स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन था। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने धुंध की शिकायत की थी, जिसके बाद मैच को रोक दिया गया था। वहीं न्यूजीलैंड की पारी के दौरान भारतीय खिलाड़ी धर्मशाला स्टेडियम की खराब आउटफील्ड की वजह से ग्राउंड पर डाइव लगाने से सिर्फ इसलिए कतराते हुए दिखे ताकि वह चोटिल ना हो जाएं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत में डाइव लगाने का प्रयास किया था तो उनकी उंगली में चोट लग गई थी। इसके बाद रोहित को कुछ देर के लिए ग्राउंड से बाहर भी जाना पड़ा था। हालांकि बाद में रोहित ग्राउंड पर लौट आए। इसके अलावा मैच के 35वें ओवर में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने फाइन लेग की तरफ गेंद का पीछा करते समय डाइव लगाने से बचने का फैसला किया था, जिसके बाद टॉम लेथम को चार रन मिल गए थे।

**वनडे विश्वकप में सबसे ज्यादा छक्के**

| | | |
|---|---|---|
| 49 छक्के | क्रिस गेल | (वेस्ट इंडीज) |
| 39 छक्के | रोहित शर्मा | (भारत) |
| 37 छक्के | एबी डिविलियर्स | (द.अफ्रीका) |
| 31 छक्के | रिकी पोंटिंग | (ऑस्ट्रेलिया) |
| 29 छक्के | ब्रेंडन मैकुलम | (न्यूजीलैंड) |

## रचिन रविंद्र-डेरिल मिचेल की जोड़ी ने तोड़ा गावस्कर-श्रीकांत का 36 साल पुराना रिकॉर्ड



रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल की जोड़ी भारत और न्यूजीलैंड वर्ल्डकप मैचों में सबसे बड़ी पार्टनरशिप करने वाली जोड़ी बन गई है। दोनों ने भारत के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी कर भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर और कृष्णमाचारी श्रीकांत का 36 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाला है। इससे पहले गावस्कर और श्रीकांत ने 1987 वर्ल्डकप में नागपुर के मैदान पर 136 रन की साझेदारी की थी।

**डेरिल मिचेल ने तोड़ा कप्तान केन का रिकॉर्ड :** डेरिल मिचेल न्यूजीलैंड की तरफ से वनडे में सबसे तेज पहले पांच शतक पूरा करने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए। उन्होंने इस मामले में केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया। केन विलियमसन ने अपने वनडे करियर के पहले 5 शतक 56 पारियों में लगाए थे। वहीं मिचेल ने यह कमाल 30 पारियों में किया। न्यूजीलैंड की तरफ से वनडे में सबसे तेज 5 शतक बनाने के मामले में पहले नंबर पर डेवन कॉन्वे हैं जिन्होंने 22 पारियों में ऐसा किया था।

**न्यूजीलैंड की तरफ से 48 साल बाद भारत के खिलाफ शतकः** डेरिल मिचेल ने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की तरफ से 48 साल के बाद भारत के खिलाफ शतक लगाया। मिचेल से पहले साल 1975 में ग्लेन टर्नर ने टीम इंडिया के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप में शतक लगाने का कमाल किया था। वहीं साल 2011 के बाद न्यूजीलैंड की तरफ से वर्ल्ड कप में 4 नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए मिचेल ने शतकीय पारी खेली।

## अफगानिस्तान के खिलाफ जीत की पटरी पर लौटना चाहेगा पाकिस्तान



**चेन्नई,(एजेंसी)।** आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप 2023 के सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए पाकिस्तान को सोमवार को होने वाले मुकाबले में अफगानिस्तान को हराना होगा। चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में दोपहर 02 बजे से खेला जाने वाला विश्वकप का 22वां मुकाबला पाकिस्तान और अफगानिस्तान टीमों के लिए अहम है। अफगानिस्तान विश्व में उलटफेर कर विश्व चैम्पियन इंग्लैंड को 69 रनों से हरा चुका है। ऐसे में अगर अफगानिस्तान कोई उलटफेर करता है तो वह सेमीफाइनल की रेस में बना रहेगा। पाकिस्तान ने विश्वकप में चार मैच खेले है जिसमें से उसे दो में जीत और पिछले दोनों मैच हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान के अंक तालिका में चार अंक है। वहीं दूसरी ओर अफगानिस्तान इस विश्व कप में चार मैच खेले है और उसे केवल एक मुकाबले में जीत हासिल हुई है। अफगानिस्तान अंक तालिका दोनों अंकों के साथ सबसे नीचे है। विश्वकप में अभी तक खेले गए मुकाबलों में पाकिस्तान टीम की गेंदबाजी बेहद खराब रही है। पाकिस्तान को यह मुकाबला जीतने के लिए गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम के कप्तान बाबर आजम भी अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। ऐसे में उन्हें टीम को सेमीफाइनल की रेस में बनाये रखने के लिए इस अहम मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चेन्नई की पिच को देखा जाये तो यह स्पिन गेंदबाजों को काफी मदद मानी जाती है। ऐसे में राशिद खान, मोहम्मद नबी और मुजीब उर रहमान कभी भी मैच का पासा पलट सकते हैं। पाकिस्तान को क्षेत्ररक्षण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच काफी कैच छोड़े थे। आंकड़ों की अगर बात की जाए तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में अब तक सात मुकाबले खेले गए हैं। इन सभी मैचों में पाकिस्तान को जीत मिली है। एकदिवसीय विश्वकप में दोनों टीमों के बीच सिर्फ एक मुकाबला खेला गया है।

## कार्मल कॉन्वेंट स्कूल ने अंडर-19 व अंडर-14 वर्ग में जीते स्वर्ण पदक

**भोपाल,(खेसं)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल नचाराम, हैदराबाद में आयोजित 10वीं सीबीएसई नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप 2023-24 में कार्मल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बी.एच.ई.एल. की लड़कियों की अंडर-19 टीम और अंडर -11 टीम ने अपने-अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-14 टीम ने अपने आयु वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 93 स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें कार्मल की लड़कियों की अंडर-19, अंडर-14 और अंडर-11 टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। **अंडर-19 टीम:** अस्मि रघुवंशी आर्या लोंढे अनूठी सिंह दृष्टि तिवारी जेसिका चौहान दीया उन्नी दर्शिका ठाकुर अन्वेषा हिंडोलिया। **अंडर-11 टीम:** भावी गुप्ता कर्णिका त्रिपाठी लावण्या व्यास दर्शिका सोनी रिधिमा मिश्रा रिधिमा पुरोहित सोनम साहू अनन्या गुप्ता आद्या चतुर्वेदी। **अंडर-14 टीमः** दिशा मालवीय अलीशा खान मीमांसा साहू आशिता गौतम आराध्या चौहान आन्या पवार प्रगुण्य तिवारी ओशिन कालभोरे कनिष्क चोइथानी।




## बोर्निल ने एशियन जूनियर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**चेंगदू, (एजेंसी)।** बोर्निल आकाश चांगमाई ने चीन के चेंग्दू में बैडमिंटन एशिया अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में लड़कों के एकल वर्ग में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। असम के रहने वाले भारतीय बैडमिंटन संघ की रैंकिंग में अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त शटलर ने चीन के चीन के फैन होंग जुआन को सीधे गेम में 21-19 और 21-13 से हराया। इसके साथ बोर्निल 2013 के बाद से अंडन-15 खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए हैं।



## मैक्स वेरस्टैपेन ने यूनाइटेड स्टेट्स ग्रांप्री में जीती स्प्रिंट रेस

**ऑस्टिन,(एजेंसी)।** मैक्स वेरस्टैपेन ने यूनाइटेड स्टेट्स ग्रां प्री में स्प्रिंट रेस जीती। 100 किमी की दौड़ में पोल से जीतने से पहले वेरस्टैपेन ने शूटआउट में सभी तीन सत्रों का नेतृत्व किया। सीजन की अपनी तीसरी स्प्रिंट जीत के लिए हैमिल्टन पर नौ सेकंड की बढ़त बनाने से पहले, वह शुरुआत में लेक्लेर से आगे रहे।

ट्रैक सीमा पार करने के कारण क्वॉलीफाइंग में उनका पोल लैप हटा दिए जाने के बाद, वह रविवार को छठे स्थान से शुरुआत करेंगे, लेकिन अभी भी एक और जीत का लक्ष्य बना रहे हैं। स्प्रिंट के शुरुआती हिस्से में वेरस्टैपेन अपने 2021 खिताब प्रतिद्वंद्वी हैमिल्टन के दबाव में दिख रहे थे। साथ ही उन्हें इंजन और ड्राइवेबिलिटी संबंधी समस्याओं की शिकायत करते सुना गया, लेकिन उनका कहना है कि यह सब नियंत्रण में था। फॉर्मूला 1 के हवाले से वेरस्टैपेन ने कहा, कुछ लैप्स के लिए यह हमेशा आठ, नौ दसवें हिस्से की तरह था, लेकिन यह सब ब्रेकिंग जोन में नियंत्रित किया गया था। डीआरएस, इस ट्रैक पर इतने बड़े पंखों के साथ, काफी शक्तिशाली है। एक बार जब मैंने डीआरएस पास कर लिया, तो हम सभी अपनी-अपनी लय में आ गए और मुझे लगता है कि आज कार की गति बहुत अच्छी थी।

# दिल्ली के महरौली पुरातत्व पार्क में शुरू हुआ कैफे इतिहास की सैर के साथ खाने का ले आनंद


■ आप यहां सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक आ सकते हैं


■ आप यहां चाय, कॉफी, मफिन, सैंडविच, बर्गर व कुलचे का कर सकते हैं ऑर्डर

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के महरौली पुरातत्व पार्क की सैर करने वाले इतिहास प्रेमी पत्थरों से निर्मित गोलाकार विरासत भवन में स्थापित एक कैफे में पुनर्स्थापित स्मारकों और पुनर्जीवित जल निकाय के लुभावने दृश्यों के साथ भोजन का भी आनंद ले सकते हैं। ऐतिहासिक पार्क में स्थित दिलचस्प दिखने वाली गोल संरचना को कैफे की तरह इस्तेमाल किया गया है। महरौली के पार्क में स्थित 'द गार्डन कैफे' के आसपास विभिन्न कालखंडों की 50 से अधिक संरचनाएं हैं। यहां से कुतुब मीनार का भी शानदार नजारा मिलता है।

पुरातत्व पार्क में किए गए जीर्णोद्धार और पुनर्विकास कार्य का शुक्रवार शाम उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने उद्घाटन किया था।

कार्यक्रम के बाद, नव स्थापित कैफेटेरिया के पास सक्सेना और अन्य मेहमानों ने जलपान का आनंद लिया। दिल्ली विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले पार्क में कैफे को लेकर एक अधिकारी ने कहा कि यह कैफे अब लोगों के लिए खुल गया है। वे सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक यहां आ सकते हैं और आनंद ले सकते हैं। आगंतुक अब ऐतिहासिक पार्क की सैर के दौरान इतिहास और कुछ अच्छे भोजन का आनंद ले सकते हैं। यह पार्क दिल्ली विकास प्राधिकरण के तहत आता है। कैफे में प्रदर्शित व्यंजन सूची के अनुसार, आगंतुक अन्य वस्तुओं के अलावा चाय, कॉफी, मफिन, सैंडविच, बर्गर और कुलचे ऑर्डर कर सकते हैं।






# कमबैक की प्लानिंग कर रही रिहाना

**लॉस एंजेलिस (आईएएनएस)।** 'लव द वे यू लाइ' की हिटमेकर रिहाना भले ही मैटरनिटी लीव पर हैं, लेकिन लाइव नेशन के साथ 38 मिलियन डॉलर की डील करने के बाद वह 2024-2025 के लिए एक बड़े कमबैक की प्लानिंग कर रही हैं। मिरर डॉट को डॉट यूके की रिपोर्ट के अनुसार, सिंगर के पास दो एल्बम रिलीज करने के लिए हैं। सूत्रों के अनुसार, लाइव नेशन के साथ डील करने के बाद रिहाना चुपचाप कमबैक करने की प्लानिंग कर रही हैं। यह डील एक वर्ल्ड टूर की फसिलिटेट के लिए किया गया था, और उनकी क्रिएटिव टीम लॉस एंजेलिस में चुपचाप काम कर रही हैं,और यह सब एक साथ कर रही है। एक बार जब वह काम पर वापस जाने के लिए तैयार हो जाएंगी तो उनके पास रिलीज करने के लिए दो एल्बम होंगे।

रिहाना और उनके रैपर मंगेतर रॉकी ने अगस्त में अपने दूसरे बेटे, रायट रोज का स्वागत किया। सिंगर परिवार के साथ समय का पुरा आनंद ले रही हैं, लेकिन रिहाना ने अपने करियर को फिसलने नहीं दिया और अपनी टीम पर भरोसा करते हुए कहा है कि वह उनके ड्राम्यूजिक रिटर्न के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करेंगी। हालांकि स्टार को कमबैक की कोई जल्दी नहीं है। हाल के महीनों में, वह अपने कॉस्मेटिक रेंज की सफलता की बदौलत अरबपति और दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन गई हैं।

# शाहरुख की 'डंकी' 21 दिसम्बर को





**मुंबइ (वार्ता)।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की फिल्म डंकी क्रिसमस के अवसर पर 21 दिसंबर को रिलीज होगी। शाहरुख खान की इस वर्ष पठान और जवान जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी है। शाहरूख की फिल्म 'डंकी' भी इसी वर्ष प्रदर्शित होने वाली है।फिल्म डंकी का एक नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर पर फिल्म की रिलीज डेट भी लिखी हुई है। फिल्म 21 दिसंबर को रिलीज होगी। इस पोस्टर में शाहरुख खान पीले रंग का कुर्ता पहने है और कंधे पर और हाथ में बैग और जैकेट लिए है।हालांकि इस पोस्टर में शाहरुख का फेस नहीं दिख रहा है। वही पीठ करके खड़े हुए है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू की अहम भूमिका है।

## 'द गर्लफ्रेंड' का फर्स्ट लुक जारी




**हैदराबाद (आईएएनएस)।** अभिनेत्री रशिका मंदाना की आगामी फिल्म 'द गलफ्रिंड' की पहली झलक जारी कर दी गई है। जिसमें उन्हें पानी के अंदर दिखाया गया है। इस फिल्म का निर्देशन राहुल रवींद्रन ने किया है। यह एक थ्रिलर-हॉरर-क्राइम फिल्म है। शीर्षक की झलक से ऐसा लगता है कि फिल्म एक मनोवैज्ञानिक-थ्रिलर-हॉरर-क्राइम फिल्म होगी जो संभवतः एक ऐसे आदमी के इर्द-गिर्द घूमती है जो सिर्फ एक प्रेमिका चाहता है लेकिन उसके लिए उसकी गर्लफ्रेंड सिर्फ प्यार करने वाली और दुलारने वाली लड़की से कहीं ज्यादा है। इसके बजाय, उसके लिए यह कुछ ऐसा है जिसे वह किसी के बजाय अपना कह सकता है, जिसका अर्थ है कि वह उन्हें एक शोकेस संपत्ति की तरह मानता है।

# सिनेमाघरों में धूम मचा रही सच्ची घटाना पर आधारित फिल्म 'रक्तबीज'




■ बांग्ला के अलावा हिंदी, उड़िया और असमिया भाषाओं में भी हुई रिलीज

■ घटना के वक्त तत्कालीन राष्ट्रपति दुर्गापूजा मनाने अपने पैतृक घर पर आए हुए थे

**कोलकाता (भाषा)।** नौ साल पहले दुर्गा अष्टमी की सुबह जब श्रद्धालु 'पुष्पांजलि' अनुष्ठान के लिए दुर्गा पूजा पंडालों की कतारों में खड़े थे, तभी पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के घर से लगभग 70 किलोमीटर दूर बर्धमान शहर का खागरागढ इलाका धमाकों से दहल उठा था।

यह घटना दो अक्टूबर 2014 को हुई थी। इस घटना के बाद पता चला कि किस तरह आतंकवादी समूह अपने अभियानों की योजना और बम बनाने के लिए पश्चिम बंगाल का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अपने आरोप-पत्र में कहा था कि बांग्लादेश में प्रतिबंधित संगठन 'जेएमबी' हिंसक आतंकवादी कृत्यों के माध्यम से इस पड़ोसी देश में मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की साजिश रची गई थी।

इसी घटना पर आधारित एक बांग्ला फिल्म इस दुर्गा पूजा सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। नंदिता रॉय और शिव प्रसाद मुखर्जी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रक्तबीज' 19 अक्टूबर को रिलीज हुई। फिल्म में विक्टर बनर्जी, मिमी चक्रवर्ती और अबीर चटर्जी प्रमुख किरदार में हैं। निर्देशक शिव प्रसाद मुखर्जी ने बताया कि खागरागढ विस्फोट ने पूरे पश्चिम बंगाल को हिलाकर रख दिया था। जिस वक्त विस्फोट हुआ था, तब तत्कालीन राष्ट्रपति दुर्गापूजा मनाने अपने पैतृक घर पर आए हुए थे।

उन्होंने कहा कि यह फिल्म वास्तविकता को प्रतिबिंबित करती है और यह वास्तविकता एक जगह या एक घटना के बारे में नहीं है। यह उन घटनाओं के बारे में है जो बार-बार हो रही है यह फिल्म ('रक्तबीज') बांग्ला के अलावा हिंदी, उड़िया और असमिया भाषाओं में भी रिलीज हुई है।

# अग्नाशय कैंसर का चलेगा शीघ्र पता

■ आईआईटी मद्रास उत्कृष्टता केंद्र विकसित करेगा बायोमार्कर



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास ने अपनी तरह का पहला उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया है जो अग्नाशय के कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए बायोमार्कर विकसित करने के लिए अनुसंधान कर रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।


अधिकारियों ने बताया कि 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन कैंसर जीनोमिक्स एंड मॉलिक्यूलर थेरेप्यूटिक्स' भारत-विशिष्ट कैंसर जीनोम डेटाबेस विकसित करने में मदद करेगा, जो कैंसर का शीघ्र पता लगाने और दवा के असर का अध्ययन करने के लिए अहम है। अग्नाशय कैंसर (पीडीएसी) दुनिया भर में कैंसर से होने वाली मौतों का चौथा प्रमुख कारण है और एक दशक में इसके दूसरा बड़ा कारण बन जाने की आशंका है। कैंसर के मामलों की दर अत्यधिक होने के कारण अधिकतर दवा कंपनियां विशिष्ट उपचारों के लिए बायोमार्कर स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय-विशिष्ट कैंसर जीनोम (अनुक्रम) डेटा की तलाश कर रही हैं।

> कैंसर का शुरुआत में पता लगाने वाली किट विकसित करने में मदद करेंगे और इनसे अग्नाश्य कैंसर की उपचार पद्धतियां विकसित करने में भी मदद मिलेगी।

फिलहाल भारतीय जनसंख्या-विशिष्ट कैंसर जीनोम डेटा उपलब्ध नहीं है और सभी अध्ययन पश्चिमी आबादी से उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित हैं, इसलिए जीनोमिक विषमता के कारण पश्चिमी समाजों की तुलना में भारत में कैंसर पीड़ित लोगों के जीवित रहने की दर बहुत कम है।

आईआईटी मद्रास के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में कार्यरत एवं इस अनुसंधान के प्रमुख अन्वेषक एस महालिंगम ने पीटीआई-भाषा से कहा कि इस प्रयास से जिन बायोमार्कर की पहचान की जाएगी, वे कैंसर का शुरुआत में पता लगाने वाली किट विकसित करने में मदद करेंगे और इनसे अग्नाश्य कैंसर की उपचार पद्धतियां विकसित करने में भी मदद मिलेगी।


# दिल्ली की लव कुश रामलीला में रावण दहन करेंगी कंगना रनौत



**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत, जो अपनी फिल्म 'तेजस' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, दिल्ली के लाल किला मैदान में प्रतिष्ठित लव कुश रामलीला में रावण दहन करेंगी।

एक्ट्रेस 24 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में दशहरा उत्सव में शामिल होंगी और रावण दहन में भाग लेंगी। बता दें कि रावण दहन एक परंपरा है, जिसमें तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया जाता है। आमतौर पर देश के प्रधानमंत्री ही रावण दहन करते हैं, लेकिन इस साल चूंकि पीएम मोदी चुनावों में व्यस्त हैं, इसलिए लव कुश रामलीला समिति ने सभी क्षेत्रों की महिलाओं को रामलीला के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया है, यह हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा दोनों द्वारा पारित महिला आरक्षण विधेयक को चिह्नित करने के लिए भी है। इस साल लव कुश रामलीला में कई फिल्म और टेलीविजन सितारों ने शिरकत की है। हाल ही में, अभिनेता आसिफ शेख और रोहिताश्व गौड़, जो टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, ने नई दिल्ली के लाल किला में आयोजित लव कुश रामलीला उत्सव में भाग लिया और भव्य समारोह देखा। आसिफ शेख ने दिल्ली में एक बार फिर से नवरात्रि उत्सव में लौटने पर खुशी व्यक्त की। इस साल की रामलीला में अत्याधुनिक तकनीक का समावेश देखा जा रहा है।

# सलमान को प्रेरणादायक मानते हैं सेंसेशन गुरुमान



**मुंबई (आईएएनएस)।** फिटनेस आइकन गुरु मान में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ कई उल्लेखनीय समानताएं हैं और ये फिटनेस के प्रति उनके साझा जुनून से कहीं आगे है। ये समानताएं इस बात की जानकारी देती हैं कि मान की यात्रा को किसने प्रेरित किया।

मान अपनी फिल्म 'पागलपन नेक्स्ट लेवल' को लेकर काफी उत्साहित हैं, जो 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, उन्होंने बताया कि कैसे खान उनकी यात्रा के पीछे प्रेरणा हैं। फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के मशहूर गाने 'ओ ओ जाने जाना' में सलमान खान के शर्टलेस लुक से प्रेरित होकर मान ने अपनी फिटनेस जनी शुरू की थी। गुरु मान और सलमान खान दोनों ने फिटनेस की दुनिया में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। सलमान खान अपनी फिजिक्स के लिए जाने जाते हैं, जिसने अनगिनत लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है और यह कुछ ऐसा है जिसने मान को फिटनेस में अपनी यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# मातृत्व ने संवेदनशील बनाया प्रियंका चोपड़ा



**लॉस एंजेलिस (आईएएनएस)।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने एक मां के रूप में अपनी भूमिका निभाने को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि यह अलग-अलग भावनाओं से भरी एक यात्रा है।

पीपुल पत्रिका की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया कि एक मां के रूप में वह कितनी बार खुद को अभिभूत महसूस करती हैं। निक जोनस और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस की 21 महीने की बेटी का नाम मालती मैरी है। अभिनेत्री ने पीपल से कहा, मुझे लगता है कि जब आप उन्हें बिस्तर पर रखते हैं, तो यह बेहद अभिभूत करने वाला होता है क्योंकि हर दिन आप इस बात की चिंता करते हैं कि आप क्या गलत कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन आपको खुद को जांचना होगा, और मैं अपने परिवार के साथ खुद को जांचती हूं। मैं अपनी बेटी की मुस्कान देखती हूं और कहती हूं, 'ठीक है, ठीक है। मैं अब तक अच्छा कर रही हूं'। यह मेरे द्वारा अब तक किया गया सबसे बड़ा काम है।थ प्रियंका और निक ने 15 जनवरी, 2022 को सरोगेसी के जरिए अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। प्रियंका ने पीपल को बताया कि उनकी खुद की एक बेटी होने से महिलाओं के अधिकारों पर उनका रुख कभी नहीं बदला। उन्होंने कहा, त्मुझे नहीं पता कि क्या इसने मुझे (मेरी बेटी होने के कारण) विशेष रूप से महिलाओं की आवाज को आगे बढाने के लिए प्रेरित किया गया है।

# 'मैं तुम और हमारी शादी' का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** आदिशक्ति इंटरटेनमेंट प्रस्तुत और अजय श्रीवास्तव प्रोडक्शन कृत फिल्म मै तुम और हमारी शादी का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज हो गया है। मैं तुम और हमारी शादी पारिवारिक और सामाजिक फिल्म है। इस फिल्म के निर्माता- निर्देशक अजय श्रीवास्तव है, जिन्होंने बताया कि यह फिल्म बेहद खास होने वाली है। इसमें एक दिल छू लेने वाली कहानी दर्शकों के सामने होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक को देखकर भी अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फ्रेश पटकथा पर आधारित इस फिल्म में एंटरटेनमेंट के हर पहलू मौजूद है, जो दर्शकों को पैसा वसूल इंटरटेनमेंट देंगे। फिल्म बेहद भव्य होने वाली है इसलिए हम सिने प्रेमियों से ही आग्रह करेंगे कि जब भी फिल्म रिलीज हो आप इसे अपने दोस्तों के साथ जाकर सिनेमाघरों में देखें।

इस फिल्म के फर्स्ट लुक में अभिनेता अनूप अरोरा और अभिनेत्री संजुक्ता राय की केमिस्ट्री उभर कर सामने आ रही है। फिल्म के पोस्टर दोनों एक खेत के बीच में नजर आ रहे हैं। मैं तुम और हमारी शादी के सह निर्माता कुलदीप सहाय एवं अमर दीप श्रीवास्तव हैं। संगीतकार छोटे बाबा और गीतकार छोटु यादव एवं सुमीत सिंह चन्द्रवंशी है।

# युवा संसद देश के भविष्य को दिशा देगा : सांसद वीपी सरोज



प्रखर पिंडरा वाराणसी। युवा संसद का आयोजन वाले दिनों में युवाओं को देश की समस्या से रूबरू कराने के साथ उन्हें सही मंच पर कैसे उठाये जाय, यह कार्यक्रम उनके अंदर साहस और सोच पैदा करेगा। जिससे एक अच्छे भारत का निर्माण होगा। उक्त बातें सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गजोखर में आयोजित 25 युवा संसद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद वीपी सरोज ने कही। उन्होंने कहाकि जिस तरह से यहाँ के छात्रो ने संसद में होने वाले बहस को रखा और एक दूसरे को जबाब दिया यह समाज और हम सभी के लिए एक नया अनुभव देगा। छात्रो ने जिस तरह गांव से लेकर विदेश नीति और गिरती मुद्रा , बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था पर प्रश्न रखा और उत्तर दिया गया यह उनके अंदर देश की समस्या को बेहतर ढंग से समझने का अवसर देगा। इस तरह के आयोजन से देश का भविष्य तैयार होगा। जो विभिन्न सामाजिक और देश के सामरिक समस्या को सुलझा सकेंगे। इसके पूर्व स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य नागेश मिश्रा ने कहाकि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में कुल 10 स्कूल इस अयोजन के लिए चुने गए। पूर्वांचल में एकमात्र विद्यालय है जिसे अवसर मिला। इसके पूर्व दीप प्रज्वलन , सरस्वती वंदना, तेरी जय नवोदय व विद्यालय की छात्रा प्रिया राय के कत्थक नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अंत मे अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार और पूजा पाल व धन्यवाद उप प्राचार्य कनक पांडेय ने दिया। जज की भूमिका नेशनल इंटर कॉलेज पिंडरा के प्रधानाचार्य रामाश्रय सिंह व खालिसपुर स्थित प्रेम बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जटाशंकर सिंह ने निभाई। इस दौरान डॉ डी के यादव, महेश तिवारी, महुआ हजरा व आर ए यादव, अर्चना सिंह, मनीष पाठक, दिलीप सिंह, शिव गुप्ता समेत अनेक शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सरकार नक्सलवाद पर गहरी समझ के साथ सरकार कार्य कर रही है : गृह मंत्री

प्रखर पिंडरा वाराणसी। हिमांशु आप प्रश्न पूछे

महोदया, तमाम प्रयास के बावजूद नक्सलवाद पर सरकार नियंत्रण क्यो नही पा रही है और उनकी समस्या का हल क्यो नही निकल पा रहा है?

स्पीकर- गृहमंत्री जबाब दे

गृहमंत्री- महोदया यह नक्सलवाद प0 बंगाल के गांव से उठा था। जिसमे कोर्ट ने जमींदार को जमीन छोड़ने का आदेश दिया था लेकिन नही माने, जिसके कारण यह समस्या उठी। इसके समाधान और रोकने के प्रयास किये जा रहे है। और हजारों लोगों को नक्सलवाद से मूल विकास की धारा में जोड़ा जा चुका है।

यह किसी संसद का नही बल्कि जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित 25वी युवा संसद प्रतियोगिता के दौरान विपक्ष के सांसदों के द्वारा उठाये गए प्रश्नों पर बहस के दौरान उठे।

पूरी तरह से संसद भवन में होने वाली सुनवाई की तरह संसद सत्र की शुरूआत नए सदस्यों के शपथ ग्रहण से शुरू हुई। उसके बाद पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक सभा और मौन रखा गया।

प्रश्नकाल के दौरान नक्सलवाद से लेकर मुद्रा अवमूल्यन, स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी के साथ मंहगाई का मुद्दा रहा। जिसमे सत्ता और विपक्ष द्वारा शेरो शायरी और कविताओं के माध्यम से प्रश्नों के जबाब देते दिखे तो विपक्ष उनके तमाम प्रयासों को झूठा बताते हुए शायरी से सत्ता पक्ष पर प्रहार करता रहा। अंत में शोर शराबे के बीच कई बिल पास हुए।

स्पीकर के रूप के अनुष्का त्रिपाठी, डिप्टी स्पीकर - दीपिका के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वास यादव,रक्षा मंत्री के रूप में राज पटेल तथा गृह मंत्री के रूप में ओम सिंह ने विपक्ष के प्रश्नों का बखूबी जबाब देते दिखे।

## मोहम्मदाबाद में डग्गामार वाहनों की भरमार स्थानीय पुलिस व परिवहन विभाग बेपरवाह



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। ग्रामीण सड़कों की बात छोड़िए, मोहम्मदाबाद कस्बे में डग्गामार वाहन संचालक बेखौफ ओवरलोड सवारियां लादकर दौड़ रहे हैं। इनके आगे खाकी वर्दी नतमस्तक नजर आती है। मोहम्मदाबाद तहसील, न्यायालय, बस स्टैंड के आस पास इन वाहनों का जमावड़ा देखने को मिलता है। पुलिस के सामने ही ये डग्गामार वाहन अवैध तरीके से गाड़ियों का संचालन करते है और मोहम्मदाबाद पुलिस इनके आगे बोलती ही नहीं है। तिवारीपुर मोड़ से लेकर युसुफपुर स्टेशन, मोहम्मदाबाद तहसील, सदर रोड पर डग्गामार वाहनों का संचालन होता है। इन वाहनों में प्राइवेट वाहन जैसे स्कार्पियो, बोलेरो, स्विफ्ट डिजायर, मैक्स, इंडिगो व अन्य निजी वाहन इसमे शामिल हैं। खास बात यह है कि तहसील व न्यायालय के सामने से ही इन वाहनों के सफर की शुरूआत होती है और कई थानों, पुलिस चौकियों के सामने से होते हुए यह डग्गामार वाहन ठिकाने तक पहुंचते हैं। डग्गामार गाड़ी के पास किसी तरह के सवारी धोने का परमिट नही होता, यह वाहन यातायात के नियमों की धज्जियां खुद कानून के रखवालों के सामने की उड़ाते हैं। इतना ही नहीं यह वाहन बलिया, बक्सर, गाजीपुर, बनारस, जमानिया व बिहार की सीमाओं में दौड़ते हैं किन्तु मानो पुलिस के साथ परिवहन विभाग भी पूरी तरह नतमस्तक हो गया है। हाइवे के साथ गाजीपुर-बलिया, बक्सर इत्यादि मार्गो पर दौड़ने वाले डग्गामार वाहनों में सवार होने वाले मुसाफिरों को भी जान की परवाह नहीं रहती।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त 32 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत, घर में मचा कोहराम

प्रखर संतकबीरनगर। होनी को कौन टाल सकता। जीवन मरण सब विधि के हाथ। सरौली चेहलुम्म गांव के एक घर में उस वक्त कोहराम मच गया जब घर वालो को संदीप की मौत की सूचना मिली। जहां एक तरफ पूरा क्षेत्र दुर्गा पूजा के उत्सव को मना रहा है वही सरौली चेहलुम्म गांव में मातम पसरा हुआ है। आपको बता दे की पूरा मामला संतकबीरनगर जिले के कोतवाली थाना के काटे पुलिस चौकी अंतर्गत सरौली चेहलुम्म गांव का हैं जहा के संदीप कुमार पुत्र परशुराम उम्र 32 वर्ष की आज सुबह 7 से 8 बजे के बीच डड़वा – सरौली नगर के पास रेलवे ट्रेक को पार करते हुए ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर मृत्यु हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना घर वालो को व पुलिस चौकी कटे तथा जीआरपी रेलवे पुलिस को दिया। संदीप कुमार की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। संदीप की पत्नी तथा घर के सदस्यो का रो रो कर बुरा हाल हैं। मृतक संदीप कुमार के दो बच्चे भी थे जिनका नाम सक्षम चार वर्ष तथा समीक्षा डेढ़ वर्ष की हैं। वहीं मृतक के पिता ने बताया कि मृतक संदीप कुमार दिमाग की रूप से विक्षिप्त था, तथा उसका 10 वर्षों से उसका इलाज चल रहा था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर जीआरपी पुलिस तथा कांटे चौकी की पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा तथा अग्रिम विधि कार्रवाई में जुट गई।



## प्रलोभन देकर धर्मांतरण की सूचना पर पुलिस का छापा, एक को लिया हिरासत में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जंगीपुर थाना क्षेत्र के सरौली उर्फ पहेतिया गांव के फिरोजपुर में धर्मांतरण की सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर, कई धार्मिक पुस्तकें बरामद की,और एक को गिरफ्तार कर थाने लेकर चली गई। जंगीपुर थाना क्षेत्र के सरौली उर्फ पहेतिया गांव के फिरोजपुर में रविवार को एक घर में ईसाई मिशनरियों की ओर से धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक को हिरासत में ले लिया।और मौके से संबंधित साहित्य सहित वाद्य यंत्र और अन्य चीजें बरामद की। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध धर्म प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार के दोपहर नसीरपुर नवापुरा गांव निवासी पवन सिंह पुत्र केशव सिंह कहीं जा रहे की उन्होंने देखा कि हिंदू धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने की बातें हो रही थी।तो उन्होंने वहां रुककर सारी बातें सुनकर इसकी सूचना युवा क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह को दी,तब उन्होंने उच्च अधिकारियों को इस पूरे प्रकरण से अवगत कराया। राजकुमार सिंह ने बताया कि उन्हें खबर मिली कि जंगीपुर थाना क्षेत्र के सरौली उर्फ पहेतिया गांव के फिरोजपुर राजभर बस्ती में कई महीनों से लोग गरीब महिलाओं को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं।वहीं पवन सिंह ने जंगीपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को बताया है कि सरौली उर्फ पहेतिया गांव के फिरोजपुर गांव निवासी कल्पनाथ राजभर के घर में रविवार की दोपहर प्रार्थना सभा के नाम पर दर्जनों महिला पुरुष जमा हुए थे।जिसे कल्पनाथ राजभर हाथ में बाईबल लेकर वहां बैठे महिलाओं एवं पुरुषों को बाईबल पढ़ाते हुए हिंदू धर्म के खिलाफ भावनाएं आहत करने वाली बातें कर रहे थे।और ईसा मसीह को श्रेष्ठ बता रहे थे।और कह रहे थे कि ईसा मसीह का प्रार्थना करने से गंभीर से गंभीर बिमारी कैंसर, गठिया,लकवा ठीक हो जाते हैं,वहीं निःसंतान के संतान प्राप्त होंते है। एवं भुत प्रेत की बाधाएं दूर हो जाती है।इस कार्य में उनका सहयोग अजीत कुमार व मंजू राजभर कर रहे थे।इसकी सूचना मैंने युवा क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह को दी तो उन्होंने धर्म परिवर्तन की सूचना पुलिस को दी।सीओ सिटी गौरव कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष जंगीपुर के पहुंचते ही वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। प्रार्थना सभा में मौजूद भीड़ इधर-उधर भागने लगी और कुछ महिलाएं और पुरुष पुलिस से उलझ गए और कहने लगी की कल्पनाथ राजभर के साथ ही हम लोगों को भी थाने पर लेकर चले, क्यों की हम लोग भी प्रार्थना सभा में शामिल थे।



## भगवान महावीर पब्लिक स्कूल, बंगा में पूरी आस्था से मनाया गया शारदीय नवरात्र में नवमी व दशमी का त्योहार

प्रखर डेस्क। भारतीय पंचांगानुसार आश्विन मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को भगवान महावीर पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल बंगा में एक नवरात्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा श्री राम लक्ष्मण और सीता जी के साथ हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत की गई।जिनका यथा मिलित उपचार सामग्री के साथ पूजन भी किया गया। साथ ही विद्यालय प्रांगण में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित किया गया। छोटी-छोटी कन्याओं के रूप में मां देवी के नौ रूपों का पूजन किया गया। इस मौके पर स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने संगीत विभाग के साथ मिलकर मां की स्तुति में भजन गायन किया। कार्यक्रम में समां बांधते हुए कक्षा दसवीं की छात्रा विराची जैन ने श्री राम और सीता जी के प्रेम के मिलन का वर्णन "बाग में राम जी को देख जनक नंदिनी बाग में बस खड़ी की खड़ी रह गईं,राम देखें सिया को सिया राम को ,चार अखियां लड़ी की लड़ी रह गई"का भक्तिमय गीत से किया। तत्पश्चात विद्यालय के ही छात्रों ने हनुमान चालीसा का संगीतमय गायन किया। इस शुभ अवसर पर विभिन्न स्वरूपों में दिखाई दिए छात्रों को उनकी प्रस्तुति के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। तत्पश्चात स्कूल डायरेक्टर डॉ वरुण जैन ने सभी को दुर्गा नवमी व दशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा की श्री राम को सभी जानते हैं।जिस प्रकार से राम अपने पिता के एक बार कहने पर चौदह वर्ष के लिए वन को चले गए और साथ ही वो एक अच्छे पति ,अच्छे भाई और आदर्श राजा का उदाहरण सबके समक्ष प्रस्तुत किया। पर हमें भी उनके जीवन से प्रेरित होकर अच्छे संस्कारों को ग्रहण करना चाहिए।आज के दिन जो विद्यालय का माहौल भक्तिमय हो गया है,यह हम सबको आह्लादित कर रहा है और हमें सीख दे रहा है।इसके बाद कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिवेश में राष्ट्रगान के साथ किया गया।



## संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल हरहुआ के तत्वाधान में तीन दिवसीय सी.बी.एस. ई.क्लस्टर-5 एथलेटिक मीट का हुआ समापन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल, हरहुआ वाराणसी के तत्वाधान में भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, बड़ा लालपुर, स्टेडियम मे पिछले तीन दिनों से चल रही सी.बी. एस.ई. क्लस्टर-5 एथलेटिक मीट का पूर्णता के साथ भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ ` इस प्रतियोगिता के अंतर्गत थ्रोइंग, रनिंग एवं जंपिंग की विविध प्रतियोगिताएं बालक एवं बालिका वर्ग हेतु विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गई थीं`आज के कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि अशोक कुमार तिवारी (महापौर वाराणसी ) के आगमन से विद्यार्थियों का मनोबल और जोश चरम सीमा पर पहुँचता दिखाई दिया आज की प्रतिस्पर्धा में 4७400 रिले रेस ,जैवलिन थ्रो ,हाई जंप इत्यादि अनेक प्रतियोगिताओं ने दर्शकों में अपूर्व उत्साह और रोमांच को बनाये रखा` संस्था सचिव राहुल सिंह ने विभिन्न जिलों से पधारे अतिथि विद्यालय के प्रशिक्षकों एवं उनके खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की तथा सभी अभ्यागतों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता ज्ञापित की और कहा कि यही खिलाड़ी आगे प्रदेश से निकलकर विश्व पटल पर तिरंगा फहरायेंगे ` अन्य पधारे गणमान्य अतिथियों में कौशलेंद्र जी (भा.ज.पा.) रघुवीर सिंह , अजय सिंह, आर.के. प्रसाद , रवि शंकर त्रिपाठी, ई. पवन सिंह एवं विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से पधारे प्रधानाचार्य उपस्थित थे ` मुख्य अतिथि नें अपने उद्बोधन में कहा कि हार- जीत से परे टीम भावना के साथ खेलें धर्म जाति से परे खेल का धर्म मात्र अनुशासन के साथ खेलना है खेल के क्षेत्र में मातृशक्ति वैश्विक पटल पर सर्वाधिक नाम रौशन कर रही हैं` आज के प्रतियोगिता परिणामों के अन्तर्गत 4X 100 मीटर रिले रेस बॉयज (अंडर 19) में नितिन सिंह,नंदन सिंह, श्रेयांश विक्रम,यश कुमार सिंह ने ( संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर) प्रथम स्थान प्राप्त किया` 4X 100 रिले रेस अंडर 14 (बालक वर्ग )में विद्यालय के यशवीर प्रताप सिंह, उज्ज्वल सिंह, आयुष पटेल तथा आयुष यादव ने भी प्रथम स्थान सुरक्षित रखा 4 X 100 रिले रेस (बालिका वर्ग ) में विद्यालय की भूमिका सिंह ,जाह्नवी सिंह, मंजरी सिंह तथा सृष्टि मेहता ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के श्रेयस मिश्रा (अंडर 19 ) ने जेबलिन थ्रो में स्वर्ण पदक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया ,मन्नत सिंह ने (अंडर 14), 200 मीटर रेस में रजत पदक प्राप्त किया तथा आयुष यादव ने 200 मीटर रेस (अंडर 14 ) में कांस्य पदक प्राप्त किया ` 4७400 रिले रेस ,गर्ल्स ,अंडर 17 में प्रथम स्थान अनुष्का यादव, अक्षरा यादव, अनिका त्रिपाठी तथा साक्षी सिंह (आर्मी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैंट प्रयागराज) ने प्राप्त किया।



## काशी की सुप्रसिद्ध दुर्गा पूजा संस्था एस बी दुर्गोत्सव समिति बुलानाला के तत्वावधान में सामूहिक दुर्गा चालीसा का किया गया पाठ



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी की सुप्रसिद्ध दुर्गा पूजा संस्था एस बी दुर्गोत्सव समिति, बुलानाला, वाराणसी के तत्वावधान में रविवार कों महाअष्टमी के अवसर पर सायं 7:00 बजे से दुगार्पूजा महोत्सव के अंतर्गत बुलानाला स्थित दीवान ताराचंद धर्मशाला में दुर्गा पूजा महोत्सव स्थल पर समस्त काशीवासियों के साथ सामूहिक दुर्गा चालीसा का पाठ किया गया कार्यक्रम संयोजक चक्रवर्ती विजय नावड ने बताया कि दुर्गा पूजा महोत्सव मे महाअष्टमी को सैंकड़ों भक्तों के साथ दुर्गा चालिसा का सामुहिक पाठ कर सभी के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की गयी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष धीरज अग्रवाल, लखन शर्मा पापे, मुकंद जायसवाल,लोटू गुरु, मनीष शर्मा,संजय कसेरा आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस नेता आसमान में थूकने के बजाय यूपी में बूथ मजबूत करने पर ध्यान दे भाजपा मानसिकता से बाहर आने की जरूरत : शशिप्रताप सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल नेशनल इक्वल पार्टी अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह ने बयान जारी कर कहा की इंडिया गठबंधन को तोड़ने की साजिश की जा रही अभी भी कांग्रेस नेता भाजपा मानसिकता से बाहर नही हुए है उनको आसमान में थूकने के बजाय यूपी में कमजोड़ बूथ मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।

### मांझा के हे0 मो0 सहित दो लोगों का विभाग ने किया प्रमोशन



प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। जिला के रामपुर- मांझा थाना के हे0मो0 अरुण कुमार पांडे , राजेंद्र कुमार का विभाग ने दो स्टार देकर प्रमोशन दिनांक 20,10,2023 को करने के बाद थाना के स्टाफ एवं थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के द्वारा मीठा खिलाकर दिया। बधाई शुभकामना और कहां गया कि आपकी जिम्मेदारी बढ़ गई। अरुण कुमार पांडे ने कहा कि पूरी निष्ठा से जिम्मेवारी का पालन करूंगा।

### एसपी के द्वारा दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कांटे चौराहे पर किया गया पैदल मार्च



प्रखर संतकबीरनगर। जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के द्वारा नवरात्रि, दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने व जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत कांटे चौराहे पर प्रमुख स्थानों व मार्गो पर पैदल मार्च किया गया, पैदल मार्च के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया व लोगों से संवाद स्थापित कर त्यौहारों को मिलजुल कर सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्वक मनाने, अफवाह पर ध्यान न देने हेतु आमजनमानस से अपील की गई एवं जनता को पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने का भरोसा दिलाया गया । इस दौरान उपजिलाधिकारी खलीलाबाद, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद, नायब तहसीलदार खलीलाबाद, चौकी प्रभारी कांटे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

### अल्फा वेंचर्स डॉक्टर नेचर आयुर्वेदिक एजेंसी का भव्य उद्धाटन बॉलीवुड एक्टर जे पी शर्मा के द्वारा किया गया




प्रखर जौनपुर। शहर के सिपाह स्थित आयुर्वेदिक दवा एजेंसी अल्फा वेंचर्स डॉक्टर नेचर आयुर्वेदिक एजेंसी का भव्य उद्घाटन बॉलीवुड एक्टर जे पी शर्मा के द्वारा किया गया,श्री शर्मा रामानंद सागर कृत श्री कृष्णा में ऐतिहासिक रोल मामा शकुनि का कर चुके हैं इसके बाद भी उन्होंने बहुत सारी पिक्चरों में साइड रोल किया है और बहुत सारे सीरियल में भी वह लीड रोल में रह चुके हैं यहां पहुंचे श्री शर्मा ने बताया कि आज लोग कोरोना काल के बाद से आयुर्वेदिक की तरफ लोगों का रुझान बड़ा है आयुर्वेदिक की दावों में किसी भी प्रकार का कोई दोष नहीं होता यह रोग को अगर सही नहीं भी करती है तो इससे शरीर को कोई हानि भी नहीं पहुंचती। इस मौके पर डॉक्टर शमीम, डॉ दीपिका सिंह,डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किए कार्यक्रम का संचालन अजीत सिंह ने किया,आए हुए मेहमानों का धन्यवाद अधिष्ठता शब्बीर हैदर और प्रिंस खान ने संयुक्त रूप से किया इस मौके पर मुख्य रूप से रियाजुल हक ,बख्तियार आलम गोविंद,सलीम सहजादे,अजमत अली,आदि लोग उपस्थित रहे ।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं